



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 351 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 20 सितम्बर 2024 डाक 21 सितम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटरा में जम्मू एवं कश्मीर चुनाव के लिए एक जनसभा के दौरान





**देश-विदेश** — अमित शाह ने की श्वेत क्रांति-2.0 की शुरुआत, डेयरी सेक्टर को मिलेगा बूस्ट, दूध उत्पादन में होगी बढ़ोतरी






**फीचर पेज** — सिर्फ एक चट्टान को काटकर बनाया गया था ये मंदिर....




## बेंगलुरु का यह इलाका पाकिस्तान जैसा! कर्नाटक हाईकोर्ट के जज की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**बेंगलुरू, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**



बेंगलुरु के एक इलाके की कानून-व्यवस्था पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने सवाल खड़े किए हैं। जज साहब को यह तक कहना पड़ गया कि ऐसा लगता है कि यह इलाका भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में है। कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. श्रीशानंद की टिप्पणी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। न्यायाधीश पश्चिमी बेंगलुरु के गोरी पाल्या क्षेत्र का जिक्र कर रहे थे। बीमा से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान खुली अदालत में उन्होंने ये टिप्पणी की। न्यायमूर्ति की इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है। 5 जजों की बेंच ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार से रिपोर्ट मांगी।

इस मामले की सुनवाई बुधवार को होगी। न्यायमूर्ति वी. श्रीशानंद ने कहा, मैसूर रोड फ्लाईओवर पर जाइए। हर ऑटो रिक्शा में 10 लोग होते हैं। यह कानून लागू नहीं होता क्योंकि मैसूर फ्लाईओवर गोरी पाल्या से फूल बाजार तक पाकिस्तान में है, भारत में नहीं। यह हकीकत है। यह हकीकत है। चाहे आप वहां कितने भी सख्त पुलिस अधिकारी क्यों न रखें, उन्हें वहां पीटा ही जाएगा, न्यायाधीश ने 28 अगस्त को किराया नियंत्रण अधिनियम से संबंधित सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। न्यायाधीश लीज समझौते और अधिनियम की धारा 27 (2) (ओ) के तहत भूमि मालिक की शक्तियों पर चर्चा कर रहे थे। न्यायमूर्ति ने सुनवाई के दौरान कहा, विदेश में अगर आप 40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से भी जा रहे हैं, तो पुलिस आकर आपको धीमी लेन में शिफ्ट कर देगी। यहां, आप अपनी स्पीड से चलते हैं, कानून तोड़ते हैं और 304 ए से बच निकल जाते हैं। आज किसी भी निजी स्कूल में जाएं, आपको हमेशा छात्र स्कूटर चलाते हुए दिखेंगे। प्रिंसिपल कोई कार्रवाई नहीं करते, अभिभावक कोई कार्रवाई नहीं करते। उन्होंने आगे कहा, हर दो मिनट में आपको एक ऑटो रिक्शा ऐसे ही लोगों को उतारता हुआ मिलेगा। यही समस्या है। कोई नियम लागू नहीं होता।

## जोगी कांग्रेस ने नई कार्यकारणी का किया गठन, प्रभारी महामंत्री का इस्तीफा मंजूर




**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी क निदेश पर प्रदेश संगठन और जिला अध्यक्षों में बढ़ा बदलाव किया गया है। तीन प्रदेश उपाध्यक्ष सहित 10 नामों की प्रदेश कार्यकरणी सूची जारी की गई है। मोर्चा संगठन और जिला अध्यक्ष भी बदले गये हैं।

## राहुल गांधी सुबह-सुबह पहुंचे करनाल, अमेरिका में घायल हुए युवक के परिवार से की मुलाकात



**करनाल, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी शुक्रवार सुबह हरियाणा के करनाल जिले स्थित घोघड़ीपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने अमेरिका में घायल हुए युवक के परिजनों से मुलाकात की। दरअसल, घोघड़ीपुर गांव का रहने वाला अमित अमेरिका में रहता है और वहां हुए एक हादसे में वो घायल हो गया था। अपने अमेरिका दौरे के दौरान राहुल गांधी उस लड़के से मुलाकात भी की थी। उसके बाद आज राहुल गांधी अमित के परिवार से मुलाकात करने उनके गांव पंहुचे। फिलहाल अमित हादसे के बाद अमेरिका के अस्पताल में भर्ती है। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने परिवार वालों को ढांढस बंधाया। दरअसल जब राहुल गांधी ने अमित से अमेरिका में मुलाकात की थी तो वादा किया था कि वो उनके घर वालों से जरूर मिलेंगे। इसी सिलसिले में राहुल गांधी ने अमित की मां बीरमती और पिता बीर सिंह से मुलाकात की है। अमित अमेरिका में ट्रक ड्राइवर है और वो सड़क हादसे का शिकार हुआ था। इस दौरान राहुल गांधी ने अमित से वीडियो कॉलिंग पर बात भी की और उनके स्वास्थ्य का हाल चाल जाना। साथ ही अमित के परिवार के साथ राहुल गांधी ने एक घंटे से ज्यादा का वक्त गुजारा। दिलचस्प बात यह है कि अमित के परिवार ने राहुल गांधी को देसी घी और चूरमा पैक करके दिया।

राहुल गांधी के अचानक दौरे से पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। वहीं कांग्रेस के स्थानीय नेता राहुल गांधी के दौरे के लेकर बेखबर थे। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय नेता राहुल गांधी से मुलाकात करने पंहुचे लेकिन तब तक राहुल गांधी का काफिला निकल चुका था।

## कटनी में जीआरपी थाने के सामने फायरिंग मां को स्टेशन छोड़ने आया युवक हुआ घायल



***कटनी ।*** *कटनी में भदोही उप्र निवासी अरुण कुमार दुबे अपनी मां को छोड़ने गया था और कटनी स्टेशन आकर घर जाने के लिए दूसरी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। गुरुवार की रात को कटनी स्टेशन के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में जीआरपी थाना के सामने ही बदमाशों ने गोली दागी, जो अरुण कुमार दुबे को लगी। गोली चलते ही दहशत फैल गई। लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना में पुराने विवाद पर एक युवक पर गोली चलाई गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रात 11.30 बजे के लगभग वह नाश्ता करने के लिए स्टेशन के बाहर निकला। जैसे ही वह जीआरपी थाना के पास पहुंचा पीछे गोली चलने की आवाज आई और गोली उसके कमर के पास आकर लगी। यात्री मौके पर गिरा।*

## युवा उत्सव 3.0 राइजिंग भारत 2047 में शामिल हुए सीएम विष्णुदेव साय




रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित युवा उत्सव में शामिल हो रहे हैं। युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कौशल उन्नयन और राइजिंग भारत 2047 पर युवा उत्सव केंद्रित है। राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एक दिवसीय युवा उत्सव 3.0 का आयोजन हो रहा है।

## समाज को अपमानित करने वालों पर होगी कार्रवाई : अरुण साव



**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका दौरे से राजधानी रायपुर लौटे। प्रदेश आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया। अरुण साव एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के साथ 9 सितम्बर को अमेरिका के लिए रवाना हुए थे। इस अध्ययन यात्रा के अनुभव को उन्होंने साझा किया। इसके साथ ही डिप्टी सीएम साव ने कवर्धा के लोहराडीह में हुए हिंसा पर कहा, मामला संज्ञान में है। सभी को आश्वस्त करता हूं जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि अध्ययन यात्रा के दौरान उनका अमेरिका के पांच प्रमुख शहरों में जाना हुआ। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण, रख-रखाव की तकनीक, पुल और पुलियों के निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का कैसे उसमें उपयोग हो सकता है और ग्रीन फील्ड रोड के अवलोकन का गहन अध्ययन किया।

साथ ही अमेरिका में किन तकनीकों का इस्तेमाल होता है ये अध्ययन किया। डिप्टी सीएम साव ने बताया कि अध्ययन दौरे के दौरान भारतीय और छत्तीसगढ़ के लोगों से भी मिलना हुआ। अमेरिका में छत्तीसगढ़ के लोग न केवल रहते है बल्कि छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। बीजेपी संगठन के प्रतिनिधियों (ओवरसीज़) से मिलना हुआ। भारतीय स्वदेशी मेले के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## ममता दीदी के एक्शन से हिला झारखंड, जमशेदपुर-कोलकाता एनएच- 49 पर 18 किमी लंबा जाम



**घाटशिला, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

झारखंड- पश्चिम बंगाल सीमा (चिचड़ा) से झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा तक एनएच 49 पर 18 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। एनएच पर धीरे-धीरे जाम का दायरा बढ़ने लगा है। जमशेदपुर-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर अचानक देर रात से लगे जाम से ट्रक चालक बेहद परेशान है। एनएच किनारे ट्रकों को खड़े करके जाम खुलने का इंतजार कर रहे है। पश्चिम बंगाल में डीवीसी के द्वारा पानी छोड़ने पर उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति के बाद सीएम ममता बनर्जी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के बाद बंगाल सीमा पर झारखंड की तरफ से आने वाले वाहनों के प्रवेश पर अगले तीन दिनों तक प्रतिबंध लगा दिया। इस आदेश के बाद बंगाल में सीमा पर पुलिस अधिकारी व जवान तैनात हो गए थे।

बंगाल में आई बाढ़ के लिए वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराते हुए केंद्र पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। साथ ही बंगाल के विभिन्न जिलों में आई बाढ़ को साजिश करार दिया है। बंगाल सरकार ने अगले तीन दिनों के लिए बंगाल सीमा में झारखंड के वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

इस संबंध में बंगाल सरकार की ओर से निर्देश जारी किए जाने के बाद मैथन और पुरुलिया के पास झारखंड की ओर से जाने वाले वाहनों को बंगाल सीमा पर रोक दिया गया। रात तक दोनों सीमा पर वाहनों की लंबी कतार लग चुकी थी।

## अक्टूबर में इस तारीख को बंद रहेंगी शराब दुकानें




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 2 अक्टूबर को प्रदेश भर की शराब दुकान बंद रहेगी। गांधी जयंती के अवसर पर आबकारी विभाग ने पत्र जारी कर शुष्क दिवस घोषित किया है। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार गांधी जयंती 02 अक्टूबर 2024 के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस क्रम में शुष्क दिवस पर सभी जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें, संलग्न अहाता, एफ.एल.8 एवं मद्य भाण्डागार को 02 अक्टूबर 2024 बुधवार को बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। शुष्क दिवस के दिन अगर कोई शराब बेचते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

## डीयू के छात्र ने सुनाई हादसे की आपबीती, बर्थडे पर शराब पार्टी के लिए रेंट पर ली थी लग्जरी कार, खौफनाक था मंजर

**नईदिल्ली, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

जन्मदिन पर दोस्तों के साथ पार्टी के लिए गुरुग्राम के पब में गए दिल्ली विश्वविद्यालय डीयू के छात्र की लौटने के दौरान राजधानी में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा सुबह करीब छह बजे उस समय हुआ, जब डीयू का यह छात्र अपने दोस्तों के साथ शांति वन-गीता कॉलोनी रोड से गुजर रहा था। बताया गया कि शराब के नशे में मोबाइल फोन पर गाना बदलने के दौरान कार चला रहे युवक का ध्यान बंट गया और तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे रेलिंग से जा टकराई। इस हादसे में उसके साथ कार में मौजूद पांच दोस्तों में से चार घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीणा के अनुसार, मूलतः इटावा के अशोक नगर निवासी डीयू के दयाल सिंह कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र ऐश्वर्य पांडे का बुधवार को जन्मदिन था। उसने दोस्तों के साथ जश्न मनाने की योजना बनाई और शादीपुर से 1500 रुपये में एक रात के लिए हुंडई वेन्यू कार



किराये पर ली। वह अपने दोस्तों केशव, अश्विनी पांडे, कृष्णा, उज्ज्वल और ऐश्वर्य मिश्रा के साथ गुरुग्राम के पब में गया। वहां सभी ने रात भर शराब पार्टी की और तड़के दिल्ली लौट आए। कोतवाली थाना क्षेत्र में स्लिप रोड से तेज रफ्तार में गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर चढ़ने के दौरान कार चला रहे ऐश्वर्य मिश्रा ने मोबाइल पर गाना बदलने का प्रयास किया। तभी उसने कार से अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे कार साइड रेलिंग पर चढ़ गई। रेलिंग का राड कार के आगे के शीशे को भेदते हुए कार में घुस गया। वहीं, हादसा होने पर जिन छात्रों को कम चोट लगी थी, उन्होंने गंभीर रूप से घायल ऐश्वर्य पांडे, ऐश्वर्य मिश्रा और अश्विनी पांडे को ऑटो से लोकनायक अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। इलाज के दौरान ऐश्वर्य पांडे की मौत हो गई, जबकि ऐश्वर्य मिश्रा वेंटिलेटर पर है और अश्विनी पांडे की हालत भी गंभीर बनी हुई है, उसके स्वजन ने बताया कि उसे सिर में गंभीर चोट लगी है।

## 27 सितंबर को कर्मचारियों का एक दिवसीय हड़ताल

**रायपुर, 20 सितम्बर ।**

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी, ने बताया की फेडरेशन के आह्वान पर राज्य कर्मचारियों के चार सूत्रीय प्रमुख मांगो को लेकर आगामी 27 सितंबर को राज्य के लाखों कर्मचारी, अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। फेडरेशन के हड़ताल की तैयारी को लेकर राजधानी रायपुर में एक बड़ी बैठक आयोजित किया गया जिसमे फेडरेशन जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रांताध्यक्ष, एवं जिला संयोजक उपस्थित हुए । सभी ने आगामी हड़ताल को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाए जाने का निर्णय लिया गया है कर्मचारी नेता चंद्रशेखर तिवारी ने आगे बताया की फेडरेशन ने कर्मचारी मांगो को लेकर चार स्तरीय आंदोलन किए जाने की घोषणा कि है तीन चरण के आंदोलन के पश्चात भी राज्य सरकार ने कर्मचारियों के जायज मांगो को पूरा नहीं किया है जिसके कारण फेडरेशन से जुड़े संगठनों के लाखों कर्मचारी एकदिवीय टोकन स्ट्राइक में शामिल होंगे, उसके पश्चात् भी मांगे पूरी नहीं होने पर कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

हड़ताल को सफल बनाएँ जाने प्रदेश के सभी संभाग में बैठक आयोजित किया गया है।

सरगुजा संभाग - 16 सितम्बर, दुर्ग संभाग - 18 सितम्बर, बस्तर संभाग - 21 सितम्बर, बिलासपुर संभाग - 22 सितम्बर को आयोजित है प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय दिनांक से महंगाई भत्ता दिए जाने, जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि दिए जाने, चार स्तरीय वेतनमान दिये जाने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए , अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग शामिल है। उक्त मांगो को लेकर आगामी 27 सितंबर की हड़ताल को सफल बनाएँ जाने की अपील की है ।

## लोकप्रिय गायिका रुखसाना बानो का निधन, महज 27 साल की थीं; परिजन ने लगाया जहर देने का आरोप



**भुवनेश्वर 20 सितम्बर।** लोकप्रिय संबलपुरी गायिका रुखसाना बानो का निधन हो गया। भुवनेश्वर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हालांकि, अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि कि 27 साल की रुखसाना का जीवाणु के कारण होने वाले रोग स्क्रब टाइफस का इलाज किया जा रहा था। उनकी ओर से गुरूवार रात हुई उसकी मौत का कारण अभी तक नहीं बताया गया है। रुखसाना की मां और बहन ने आरोप लगाया कि उन्हें पश्चिमी ओडिशा के उनके एक प्रतिद्वंद्वी गायक ने जहर दिया है। हालांकि, जब उनसे उसका नाम पूछा गया तो उन्होंने कलाकार की पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि रुखसाना को पहले भी धमकियां मिली थीं। करीब 15 दिन पहले बोलनगीर में शूटिंग के दौरान जूस पीने के बाद रुखसाना बीमार पड़ गईं। उन्हें 27 अगस्त को भवानीपटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



मानसिक रोग विशेषज्ञ
**डॉ. ए.ए. खान**
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA


- सेक्स संबंधित समस्या
- मिर्गी, डिप्रेशन, माइग्रेन
- पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
- नींद की कमी, कान में आवाज आना
- बार -बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
- उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
- गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
- बड़ी-बड़ी बाते करना



रविवार से गुरूवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
**गरिमा मेडिको**
विकास कॉम्पलेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे


## किसी को नहीं बख्शा जाएगा, लैब रिपोर्ट सामने आने के बाद फूटा सीएम नायडू का गुस्सा

**नईदिल्ली, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**



विश्व प्रसिद्ध तिरुपति के लड्डू में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल किए जाने के मामले पर सियासी हंगामा जारी है। कुछ दिनों पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार पर आरोप लगाए कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान विश्व प्रसिद्ध तिरुपति के लड्डू में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल किया गया था। सीएम नायडू ने एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि तिरुमाला के लड्डू भी घटिया सामग्री से बनाए गए थे। उन्होंने घी के बजाय जानवरों की चर्बी का उपयोग किया। टीडीपी ने दावा किया कि लैब रिपोर्ट ने भी इस बात की पुष्टि की है कि लड्डू में मिलावट की गई थी।

लैब रिपोर्ट सामने आने के बाद टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने गुरुवार को कहा,गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को परीक्षण के लिए भेजे गए नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रमाणित करती है कि घी की तैयारी में गोमांस की चर्बी, पशु वसा, चरबी और मछली के तेल का उपयोग किया गया था, जो तिरुमाला को आपूर्ति की गई थी।

### पारंपरिक खेती छोड़ डच रोज़ की खेती से हो रही मालामाल

# रजनी ने किया कुछ यूं, दूर तक महक रही गुलाब की खुशबू

कोरबा। रजनी को बचपन से ही गुलाब के फूलों से प्यार था। वह जब कहीं जाती तो फूलों के पौधे घर के लिए ले आती। घर के आँगन में गमलों पर वह खूबसूरत गुलाब के पौधे अक्सर लगाया करती थीं। गुलाब के पौधों और फूलों से प्यार करने वाली रजनी जब शादी होकर ससुराल आई तब भी उनका मोह फूलों के प्रति बना रहा। कई बार वह फूलों की खेती के लिए मन में सोची, लेकिन सोच को हकीकत में नहीं बदल पाई। अपनी इस ख्वाहिश को पूरा करने की कोशिश में जुटी रजनी का सपना आखिरकार उसके मजबूत इरादों के साथ पूरा हो गया। उन्होंने हिम्मत जुटाई और अपनी खाली पड़ी जमीन पर गुलाब के पौधों की ऐसी खेती कर डाली कि उसकी खूबसूरती और खुशबू दूर-दूर तक फैल रही है। इस गुलाब की खुशबू और खूबसूरती को निहारने लोग यहाँ खींचे चले आ रहे हैं...।

आज के समय में पारंपरिक खेती की तुलना में बागवानी या फूलों की खेती किसानों के लिए अधिक मुनाफा देने वाली खेती साबित हो रही है। मुख्य रूप से गुलाब की खेती की तरफ किसानों का रुझान बढ़ रहा है। गुलाब की मांग पूरे वर्ष बनी रहती है। साथ ही त्योहारों, शादी समारोह व विभिन्न आयोजनों के समय इसकी मांग काफी बढ़ जाती है। धान की पैदावार के लिए पहचान रखने वाले छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा विकासखण्ड की कुमगरी की रहने वाली श्रीमती रजनी कंवर ने गुलाब की खेती करके एक मिसाल कायम की है और दूसरे किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है। रजनी ने विभागीय सहायता से डच रोज़ की खेती शुरू की और आज 30 हजार से अधिक की प्रतिमाह कमाई कर रही हैं। पिछले 5 माह में ही उसे 3 लाख से अधिक रूपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। रजनी बताती हैं कि वर्तमान समय में किसान को बेमौसम बारिश, तूफान, अतिवृष्टि, सूखा जैसी कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कीटों व बीमारियों से अपनी फसलों की रक्षा करनी पड़ती है। इतनी परेशनियों के बाद भी किसान को अपेक्षाकृत अधिक लाभ नहीं होता। उनके द्वारा पूर्व में भी अपनी जमीन पर धान की फसल उगाया जाता था, जिससे उन्हें अधिक आमदनी नही होती थी। रजनी व उनके पति श्री जय सिंह ने परम्परागत कृषि से अलग आधुनिक खेती कर अपने आय में वृद्धि करने







की सोची। इसी दौरान लाभार्थी को नेशनल हार्टिकल्चर बोर्ड द्वारा डच रोज़ की खेती की जानकारी मिली। डच रोज़ कल्टीवेशन से लंबे समय तके होने वाले लाभ की सोच से उन्होंने इसका खेती करने का निश्चय किया और अपने जमीन पर पाली हॉउस तैयार कर गुलाब की खेती प्रारंभ की। उद्यानिकी विभाग द्वारा उनके हौसले को बढ़ाते हुए समय पर दस्तावेजों की पूर्ति कराई गई एवं नाबार्ड द्वारा 40 लाख का वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया। जिसमें उन्हें 50 प्रतिशत अनुदान भी दिया जा रहा है। साथ ही पॉली हाऊस में ड्रिप, बोर, स्टोरेज रूम जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई है। समय समय पर विभाग द्वारा रजनी को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। रजनी द्वारा फरवरी 2024 में अपने 2600 वर्गमीटर लगभग 65 डिसमिल जमीन पर पॉली हाऊस का निर्माण कराकर डच रोज़ की खेती प्रारंभ की गई। जहां उन्होंने इसकी 22000 पौधे का प्लांटेशन किया। पॉली हाऊस के अंदर डच रोज़ की खेती करने से पौधों को सीधे सूर्य की रौशनी, बारिश, आंधी से सुरक्षा मिलती है। सूक्ष्म सिंचाई और टपक विधि से कम पानी में गुलाब की खेती में सफलता प्राप्त हो रही है। रजनी द्वारा किए गए गुलाब की खेती को देखने के लिए दूर-दूर से लोग भी आते हैं।

रजनी ने बताया कि गुलाब की खेती से लाभ की काफी संभावनाएं हैं। गुलाब दुनिया की खूबसूरत फूलों में से एक है। जिसकी मांग आज हर जगह है। गुलाब के फूलों की मांग साल भर बनी रहती है। पूजा, अराधना, जन्मदिन, शादी व्याह सहित अन्य अवसरों पर गुलाब के फूलों का उपयोग डेकोरेशन के लिए किया जाता है। साथ ही गुलाब के सूखे फूलों से गुलकंद बनाया जाता है व गुलाब जल का उपयोग सौंदर्य प्रसाधन के रूप में किया जाता है।

रजनी के फॉर्म पर पौधों की देखरेख, कटाई छटाई, पैकेजिंग जैसे कार्यो के लिए 5-7 व्यक्ति नियमित काम करते है। जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को नियमित रोजगार मिल रही है। उन्हें कार्य करने के लिए अन्यत्र नही जाना पड़ता। प्लांटेशन के 2 माह के अंदर ही डच रोज से उत्पादन शुरू हो गया है। उनके फॉर्म में प्रतिदिन 40 से 50 किलो गुलाब कल्टीवेशन किए जाते है। मजदूरों द्वारा इन गुलाब को तोड़कर डिमांड अनुसार पैकेजिंग व सप्लाई किया जाता है। रजनी ने बताया कि इन पौधों की ठीक ढंग से देखभाल करने से इनसे 2-3 साल तक उत्पादन लिया जा सकता है। जिससे लंबे समय तक पौधों से लाभ मिलेगा।

गुलाब के उत्पादन के शुरुआत से ही बाजार में इसकी मांग आने से रजनी का उत्साह बढ़ा हुआ है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए वे कहती है कि अपने पति श्री जयसिंह के सहयोग व विभागीय मदद से उन्होंने डच रोज की खेती करने का बड़ा फैसला लिया है। जिसका अब उन्हें लाभ मिल रहा है। प्रतिमाह उसे मजदूरी भुगतान, दवाई, खाद सभी खर्चों के बाद भी औसतन 30-40 हजार तक का लाभ हो रहा है। वर्तमान में उनके द्वारा कोरबा, बिलासपुर, अम्बिकापुर में फूलो का विक्रय किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा इवेंट ऑर्गेनाइजर, डेकोरेशन शॉप्स वालों से भी संपर्क किया जा रहा है। जिससे आगे चलकर बड़े पैमानों पर गुलाब का विक्रय किया जा सके। आने वाले त्यौहारों व शादी सीजन में बाजारों में फूलो की मांग बढ़ेगी जिससे उनके आय में और अधिक वृद्धि होगी।

## कौशल्या महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि, नम आंखों से दी गई विदाई



कोरबा। समाजसेविका और जनसेवा की मूरत, स्वर्गीय श्रीमती कौशल्या महतो की दशगात्र, पगड़ी रस्म और चन्दनपान कार्यक्रम में आज कोरबा का हर दिल भारी हो उठा। सीतामढ़ी स्थित उनके निवास स्थल ऋषिकेश में आयोजित इस भावपूर्ण कार्यक्रम में, समाज के हर वर्ग के लोग एकत्रित हुए। राज्य के कैबिनेट मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता, वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी बंधु, और गणमान्य नागरिकों ने श्रीमती महतो को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हर आंख नम थी, हर दिल उनके जाने के गम से भरा हुआ।विनम्र विदाई में उमड़ा शोक और सम्मान- जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि श्रीमती कौशल्या महतो का जीवन समाज के प्रति उनके समर्पण और सेवा की मिसाल था। कार्यक्रम में उपस्थित लोग, चाहे वे नेता हों या व्यापारी, उनके द्वारा किए गए मानवता के कार्यों को याद करते हुए भावुक हो उठे। उनके जीवन की प्रेरणा और उनकी सेवाभावना को याद करते हुए, हर कोई इस बात से सहमत था कि श्रीमती महतो का जाना कोरबा के लिए एक अपूरणीय क्षति है।आज के कार्यक्रम में श्रीमती महतो के प्रति जो सम्मान और श्रद्धा उमड़ी, वह उनके महान व्यक्तित्व का परिचायक थी। अंतिम संस्कार के बाद के इस आयोजन में पगड़ी रस्म के साथ ही चन्दनपान की रस्में भी संपन्न हुईं। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने श्रीमती महतो के पुत्र भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो को ढांढस बंधाया, लेकिन हर कोई जानता था कि माँ जैसी अनमोल आत्मा का जाना एक ऐसा घाव है, जिसे समय भी पूरी तरह से भर नहीं सकता।

वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों का भावपूर्ण संबोधन- कार्यक्रम के दौरान कई नेताओं ने अपने संबोधन में श्रीमती महतो के योगदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती महतो का जीवन सेवा और समर्पण की एक ज्वलंत मिसाल था। उन्होंने जीवनभर नि:स्वार्थ भाव से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की, और उनके जीवन के आदर्शों से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेती रहेंगी। राज्य के कैबिनेट मंत्री ने भावुक होकर कहा, श्रीमती कौशल्या महतो का जाना एक संपूर्ण युग के अंत जैसा है। उनकी विरासत उनके कार्यों में जीवित रहेगी।वर्तमान और पूर्व सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्रीमती महतो के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्य सदैव याद रखे जाएंगे। उनकी सेवा भावना और दया का कोई मोल नहीं लगाया जा सकता। उनके जाने से कोरबा की जनता ने न केवल एक समाजसेविका, बल्कि एक माँ जैसी शख्सियत को खो दिया है, जो हर किसी के दुख-दर्द में साथ खड़ी रहती थीं।समाज की अनमोल धरोहर- आज की पगड़ी रस्म और दशगात्र के मौके पर उमड़ी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि श्रीमती कौशल्या महतो केवल एक व्यक्ति नहीं थीं, बल्कि समाज की अनमोल धरोहर थीं। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी कोरबा के हर व्यक्ति के दिल में जीवित हैं। चाहे वह गरीबों की मदद हो, या महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयास, हर कार्य में उनकी ममता और सेवा भावना झलकती थी।आज के इस भावुक कार्यक्रम में शामिल हर व्यक्ति की आंखें नम थीं, और हर दिल इस सचाई से भरा हुआ था कि अब कोरबा में एक ऐसी शख्सियत नहीं रही, जो नि:स्वार्थ भाव से समाज की सेवा करती थी। उनके कार्यों की छाया में उनका नाम हमेशा अमर रहेगा, और उनकी यादें आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी।इस अवसर पर श्रीमती महतो के परिवार को पूरे समाज की ओर से सांत्वना दी गई, लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसी शख्सियत की कमी को पूरा करना नामुमकिन है।

## केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं विधायक संजय गायकवाड का किया पुतला दहन

कोरबा। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा देश के नंबर एक आतंकवादी जैसे आपत्तिजनक शब्द कहे जाने तथा महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड द्वारा जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये इनाम में दिए जाने संबंधी बयान के विरोध में 18 सितंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा दोनों नेताओं का पुतला दहन सुभाष चौक निहारिका में किया गया। इस अवसर पर सपना चौहान, श्याम सुंदर सोनी, संतोष राठौर, बी.एन सिंह, गजानंद साहू, मुकेश राठौर, प्रदीप पुरायणे, दुष्यंत शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, मनहरण राठौर, अमित सिंह, विकास सिंह, राकेश पंकज, सुकसागर निर्मलकर, कन्हैया राठौर, पालुराम साहू, अश्वनी पटेल, गिरधारी बरेठ, कुंजबिहारी साहू, राजेश यादव, बद्री किरण, एफ.डी मानिकपुरी, शशी अग्रवाल, सुभाष राठौर, सीताराम चौहान, लक्ष्मण लहरे, द्रोपती तिवारी, त्रिवेणी मिरी, आरिफ खान, इरफान खान, रजा अनवर, पवन विश्वकर्मा, अनिल यादव, बद्री प्रसाद साहू, प्रेम साहू, टंकेश्वर चंद्रा, विवेक श्रीवास, मेहताब अली, अवधेश सिंह, शहनाज खान, चंदन विश्वकर्मा, अशोक नारंग, संतोष यादव, गुलशन साहू, रामकिशन, निहाल, विभूषण प्रसाद, रामकुमार राठौर, शोमेश दिवान, रितेश सिंह उपस्थित रहे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने कहा कि न्याय के लिए लडने वाले राहुल गांधी के ऊपर आपत्तिजनक बयान देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं करने का मतलब क्या है। क्या देश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। वहीं सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा लगातार न्याय के लिए आवाज उठाने से मोदी सरकार बैकफुट पर है जिसके कारण मोदी मंत्रिमंडल के कैबिनेट मंत्री अमर्यादित बयान बाजी कर रहे है।हम ऐसे अमर्यादित बयान बाजी का विरोध करते है और ऐसे नेताओं पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग करते है।




## वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का कलेक्टर व एसपी ने किया स्वागत

कोरबा । एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने रूमगरा एयर स्ट्रीप पर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, एडिशनल एसपी श्रीमती नेहा वर्मा, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, तहसीलदार श्री सत्यपाल राय, चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स बाल्को श्री अवतार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दावा आपत्ति निराकरण पश्चात अनंतिम मेरिट सूची जारी

कोरबा । स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दंत चिकित्सक, फिडिंग डिमोंस्ट्रेटर, रेडियोग्राफर एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के संविदा पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् निराकरण सूची एवं अंतरिम मेरिट सूची कोरबा जिले की वेबसाइट एवं कार्यालयीन सूचना पटल में चस्पा की गई है।

जारी सूची के संबंध में आपत्ति होने पर अभ्यर्थी 25 सितंबर 2024 शाम 05:30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## आश्विन मास में शरीर के लिए बेहतर नहीं है करेला, इससे बचें: डॉ नागेन्द्र



कोरबा। हिंदी मासानुसार आश्विन (क्वांर) माह का आरंभ 18 सितंबर 2024 बुधवार से हो गया है। जो 17 अक्टूबर 2024 गुरुवार तक रहेगा। आयुर्वेद अनुसार प्रत्येक माह में विशेष तरह के खान-पान का वर्णन किया गया है जिसे अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसी विषय पर छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक नाड़ी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की भारतीय परंपरा में ऋतुचर्या यानी ऋतुनुसार आहार-विहार करने की परंपरा रही है। यह संस्कार हमें विरासत में मिला है। अभी आश्विन (क्वांर) मास का आरम्भ 18 सितंबर 2024 बुधवार से हो गया है। जो 17 अक्टूबर 2024 गुरुवार तक रहेगा। इस अंतराल में हमें अपने आहार-विहार पर विशेष ध्यान देना चाहिये। आश्विन (क्वांर) मास में बादल छट जाने से आसमान साफ एवं सूर्य चमकदार हो जाता है।जिसके कारण आयुर्वेदानुसार पित्त दोष का प्रकोप होता है। जिससे पित्त जनित रोग एवं त्वचा संबंधी रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में हमे पित्त शामक खाद्य पदार्थों एवं मधुर तथा तिक्त रस वाले, हल्के और ठंडे गुणों से युक्त आहार का सेवन करना चाहिये। पित्त वर्धक खाद्य पदार्थों एवं कड़वे, कसैले रस युक्त आहार से परहेज करना चाहिये। इस माह में करेले का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिये इससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। इस माह में गुड़ का सेवन करना हितकारी होगा। हमारे छत्तीसगढ़ में कहते भी हैं अर्थात- क्वांर मास में करेला खाने वाला, तथा कार्तिक मास में महि (छाछ) का सेवन करना वाला मरेगा नहीं तो बीमार अवश्य पडेगा।जीवनशैली- इस माह में सूर्य के प्रकाश में रहने, धूप में घूमने, दिन में शयन करने एवं अधिक भोजन (ओवर ईटिंग) से बचाव करना चाहिये। शरीर को ढक कर रखना चाहिये। हल्के गुनगुने पानी से स्नान करना चाहिये।

## अग्रसेन जयंती:बैडमिंटन,सुईधागा दौड़ स्पर्धा में प्रतिभागियों ने कौशल दिखाया



कोरबा । महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का अयोजन में आज श्री अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा अयोजित प्रतियोगिता में बैडमिंटन प्रतियोगिता श्री अर्ग्रसेन कन्या महाविद्यालय दोपहर 3:.00 बजे 18 वर्ष के उपर सभी के लिए आयोजित कि गई इस प्रतियोगिता में बालक की 8 टीम व बालिकाओं की 8 टीम ने हिस्सा लिया

एवं अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अयोजित प्रतियोगिताओं श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में में चम्मच दौड प्रतियोगिता प्रतियोगिता का अयोजन किया जो 15 वर्ष के उपर की बालिकाओं व महिलाओं के लिए अयोजित जिसमें 29 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इसकी के सुई धागा दौड प्रतियोगिता का अयोजन भी किया गया जो 40 वर्ष के उपर की महिलाओं के लिए अयोजित कि गई जिसमें 31 महिलाओं ने हिस्सा लिया ।

इस अवसर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अग्रबन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि वे महाराजा श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक हिस्सा लेवें अग्रवाल सभा के मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 20.09.2024 शुक्रवार को अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा मेहदी मांडना प्रतियोगिता श्री अर्ग्रसेन भवन दोपहर 3:.30 बजे 15 वर्ष के उपर बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए एवं कुर्सी का राज प्रतियोगिता श्री अग्रसेन भवन दोपहर 4:00 बजे 15 वर्ष के उपर बालिका एवं महिलाओं के लिए अयोजित कि गई ।

### विद्युत गृह में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

कोरबा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह पावर प्लांट में विश्वकर्मा जयंती का समारोह धूमधाम से मनाया गया। वर्कशॉप एवं टरबाइन बीओपी संभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्री श्री 108 विश्वकर्मा बाबा की जयंती पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वर्कशॉप में एकत्र होकर अधिकारी, कर्मचारी और ठेका श्रमिकों ने देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना की। इसके अलावा, औजारों और मशीनों की भी पूजा की गई।

इस अवसर पर पूड़ी, सब्जी, हलवा और भोग का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। यह समारोह विश्वकर्मा भगवान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिन्हें भगवानों के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है।

## पैथोलॉजिस्ट का शपथ पत्र देना होगा लैबोरेटरी को

कोरबा । कोरबा जिले में जगह-जगह नियमो को ताक में रख संचालित हो रहे पैथोलॉजी लैब/कलेक्शन सेंटर में हो रही नमूनों की जांच को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। इन पर आरोप हैं की बिना विशेषज्ञ की उपस्थिति के रक्त आदि नमूनों की जांच की जा रही हैं। पैरामेडिकल कर्मचारियो के भरोसे संचालित हो रहे अधिकांश लैब की जांच रिपोर्ट भी सवालों के घेरे में रही है। दूसरे जिले में बैठकर पैथोलॉजिस्ट के द्वारा कोरबा जिले में संचालित हो रहे कलेक्शन सेंटर के जरिए मरीज को जांच रिपोर्ट देने और इसमें भी अपना नमूना हस्ताक्षर (कंप्यूटराइज) देने की लगातार मिल रही शिकायतों पर आखिरकार स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है।

इसी कड़ी में कटघोरा में संचालित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर को लेकर भी इस तरह की शिकायतें आ रही थी बताया जा रहा हैं की जिसका संचालन बिलासपुर में निजी अस्पताल का संचालन करने वाले चिकित्सक के द्वारा किया जा रहा है, उक्त सेंटर को सील करने की कार्यवाही खंड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में की गई।

स्वास्थ्य विभाग की सख्ती बढ़ने के साथ ही नियम-कायदों को ताक पर रखकर और मात्र ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद अनुमति मिलने से पहले ही दुकानदारी चला रहे लैब संचालकों में हड़कंप मच गया हैं। ऐसे सभी लैब चिन्हित किए जा रहे हैं जो अनुमति मिलने की प्रक्रिया जारी रहने के दौरान ही नमूने एकत्र कर जांच रिपोर्ट भी जारी कर रहे हैं। उन पर सख्त कार्यवाही करने की तैयारी की जा रही है।

इस कड़ी में निर्देश जारी कर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने जिले के समस्त पैथोलॉजी लैब/कलेक्शन सेंटर के संचालकों को पैथोलॉजिस्ट का शपथ पत्र व स्टॉफ की जानकारी प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने बताया कि विषयान्तर्गत शिकायत प्राप्त हो रही है कि पैथोलॉजी लैब में पैथालॉजिस्ट उपस्थित नहीं रहते हैं। इसलिए संचालकों, सभी निजी पैथेलॉजी लैब/माइनर लैब/कलेक्शन सेंटर में सेवा देने वाले पैथोलॉजिस्ट, मेडिकल ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ की शैक्षणिक योग्यता, रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में सेवा देने व समय के संबंध में शपथ पत्र संबंधित दस्तावेज तीन दिवस के भीतर सीएमएचो कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्तखंड चिकित्सा अधिकारी, कोरबा (शहरी), पताढ़ी, करतला, कटघोरा, पाली एवं पोडी-उपरोड़ा को पत्र लिखकर कोरबा जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही करने बावत निर्देशित किया गया है। कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा के आदेश के माध्यम से जिले में बिना डिग्री वाले चिकित्सा व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों की लापरवाही से जन सामान्य में होने वाले असमायिक मृत्यु को रोकने के लिए अवैध चिकित्सकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर नियंत्रित करने हेतु विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। समन्वय बनाकर बिना डिग्री वाले चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया है। कहा गया है कि पूर्व में उच्च अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा भी समय-समय पर झोलाछाप व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। अत- उपरोक्तानुसार समन्वय बनाकर 7 दिवस के भीतर बिना डिग्री वाले चिकित्सकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर अधोहरताक्षरकर्ता सीएमएचो कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। यदि कार्यवाही नहीं करने की स्थिति में किसी प्रकार की विपरित परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो संपूर्ण जवाबदारी बीएमओ की होगी।

### कुसमुंडा मार्ग का अब तक नहीं हुआ काम पूरा, आवागमन में हो रही समस्या

कोरबा। कुसमुंडा मार्ग पर काम चालू हुए लगभग चार साल पूरा होने को है, लेकिन अभी तक बनकर तैयार नहीं है। इसके पीछे बड़ा कारण विभागों के बीच तालमेल की कमी है।बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी और लोक निर्माण विभाग से जुड़े अफसरों के बीच सामांजस्य ऐसा नहीं है कि दोनों विभाग मिलकर सडक़ निर्माण में आने वाले दिक्कतों को दूर कर सके। देरी का बड़ा कारण सडक़ किनारे स्थित बिजली के खंभों का नहीं हटना है। सर्वमंगला चौक से इमलीछापर तक सडक़ चौड़ीकरण काम काफी धीमी गति से चल रही है। इसकी वजह से मार्ग से आवाजाही करने वाले लोगों की दिक्कतें बढ़ती जा रही है। बरमपुर चौक की सडक़ अत्यंत जर्जर है। चौक के समीप नहर है। लगभग दो सौ मीटर की जर्जर सडक़ की वजह से कुसमुंडा मार्ग पर जाम की स्थिति आए दिन निर्मित हो रही है। गड्ढे से बचने के चक्कर वाहनों के बीच टक्कर भी हो रही है। इस मार्ग पर काम की रफ्तार काफी सुस्त है। बारिश के दिन में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। छोटी-बड़ी गाडिय़ां हिचकोले खाते हुए आगे बढ़ रही है। अक्सर लोग गड्ढों में गिरकर हादसे का शिकार हो रही है। लेकिन जिला प्रशासन निर्माण कार्य में हो रही देरी के मूल कारणों को दूर नहीं कर सका है। इससे लोगों के बीच नाराजगी बढ़ रही है।

# रामनाम संकीर्तन में भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज करायी

**शिवरीनारायण।** धर्म अध्यात्म की पावन नगरी शबरी धाम शिवरीनारायण में श्री राम राम नाम का सस्वर गायन पूरे मंदिर गूंज रहा है। नगर के मुख्य शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में प्रत्येक मंगलवार को श्री राम नाम संकीर्तन और भजन का आयोजन संध्या 5 बजे से किया जाता है। श्री राम नाम संकीर्तन और भजन संध्या कार्यक्रम में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। श्री राम जय राम, जय जय राम की मधुर धुन पूरे मंदिर में गुंजायमान हो रही है।

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मूल निवास स्थान गुप्त तीर्थ धाम शिवरीनारायण के मुख्य मंदिर में विराजित श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर की महिमा अपरम्पार है। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ ही देशभर से श्रद्धालु अपनी अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए शिवरीनारायण आकर भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दरबार में मत्था टेककर अपनी हाजरी लगाते हैं। भगवान श्री शिवरीनारायण जी सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना को यथाशीघ्र पूरा करते हैं।

इस दौरान श्री राम नाम संकीर्तन और भजन के बाद महाआरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्री शिवरीनारायण भगवान जी के दर्शन करने के



बाद मंदिर में चल रहे संकीर्तन में बैठकर श्री राम नाम का जाप किया। इस अवसर पर पुजारी पं. वीरेंद्र तिवारी भोगहा, पं. हरीश तिवारी भोगहा, हर्षवर्धन तिवारी शशांक तिवारी, अंकित तिवारी अभिनव तिवारी, सुशील केशरवानी, दिनेश शर्मा, अभिषेक तिवारी, मनमोहन सुल्तानिया, अमित तिवारी, आनंद केशरवानी, संतोष आदित्य , सुखनंदन आदित्य, राजू गुप्ता, अक्षय यादव, रक्षवीर तिवारी, आयु केशरवानी, भावेश साहू, बबला महाराज, गजानंद दास, राजेश केशरवानी साहूजी, भरत आदित्य, पिंटू यादव के साथ साधू संत, महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## पांच घंटे बाद नदी से बरामद किया शव

**जांजगीर।** जांजगीर चांपा थाना क्षेत्र के हसदेव नदी में नहाने के दौरान एक युवक हादसे का शिकार हो गया है। नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार हसदेव नदी पाढ़ी घाट में गुरुवार सुबह 6 बजे रामकुमार केवट नहाने के लिए पहुंचा था। युवक ने हसदेव नदी में डुबकी लगाई और काफी अंदर तक गया, लेकिन दोबारा ऊपर नहीं आ सका। काफी समय बीतने के बाद राम कुमार जब घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसे खोजने के लिए घाट पर पहुंचे। परिजन ने देखा कि युवक का कपड़ा घाट पर रखा हुआ था। जब परिजन को पानी में डूबने की आशंका हुई तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। समाज के लोगों ने हसदेव नदी में खोजबीन शुरू की। युवक का शव नदी में पानी के अंदर पत्थर पर फंस हुआ मिला। करीब 5 घंटे बाद शव को बाहर निकाला गया।

***बिलासपुर।** लारेंस बिश्नोई गैंग के नाम से ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। हिस्ट्रीशीटर की धमकी का ऑडियो रिकार्डिंग भी है।



## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने अपनी सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**जांजगीर - चांपा।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक ने गुरूवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद उनकी सुरक्षा कर्मियों को हटा दिया गया है। इसके चलते उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर बड़ी चिंता रहती है। कई बार जनसुनवाई को लेकर बस्तर इलाके में भी जाना होता है, जहां नक्सली घटनाएं भी होते रहती है।

सुरक्षा नहीं होने से बड़ी परेशानी होती हैऔर जनसुनवाई के दौरान पक्षकारो के बीच भी अक्सर लडाई झगड़े होते हैं। ऐसे में सुरक्षा गार्ड की जरूरत होती है। अब क्योंकि प्रदेश में सरकार बदल गई है और भाजपा की सरकार है। ऐसे में उनके ऊपर किसी प्रकार की घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन की होगी।



## किसान की करंट लगने से मौत

**जांजगीर-चांपा।** जिले में करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 में जोबी का रहने वाला किसान नरेंद्र कश्यप (27) गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे खेत में दवा छिड़कने के लिए गया हुआ था। इस बीच खेतों में लगे फेंसिंग तार में करंट प्रवाहित हो रहा था। युवक फेंसिंग तार की चपेट में आ गया।

**2 घंटों तक तार से चिपका रहा**

युवक 2 घंटों तक तार से चिपका रहा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक ग्रामीण ने घर बनाने के लिए अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लिया गया था। तार का कुछ हिस्सा फेंसिंग तार से छू रहा था। परिजनों ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग कर मुआवजे की मांग की है।

# आंखों से जुड़ी समस्या का हुआ परीक्षण

**राहौद ।** नगर में जीपीडी अंजोर फाउंडेशन व एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आने वाले लोगों ने अपने आंखों की जांच करवाई। जांच शिविर में डॉक्टरों ने लोगों को परामर्श दिए। 58 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

इसमें 38 लोगों का ऑपरेशन के लिए एमजीएम अस्पताल रायपुर के लिए बस से रवाना किया गया। 87 लोगो को अंजोर फाउंडेशन के द्वारा चश्मा वितरण किया गया। जीपीडी फाउंडेशन अध्यक्ष गयाराम चंदेल ने बताया कि राहौद नगर में निशुल्क नेत्र शिविर का कैंप लगवाया गया। ताकि हर जरूरतमंद अपनी आंखों संबंधित समस्या की जांच करवा सके। इस अवसर पर सुरेंद्र पटेल, देवेंद्र चंद्राकर, धनंजय श्रीवास, अमन अनंत, दिलीप देवांगन, संदीप निर्मलकर, योगेश निषाद, नीतीश चंदेल, तरुण देवांगन, उत्तम बंजारे, संदीप चौहान, रोहित देवांगन, संतोष साहू, सौरभ तिवारी, गौरव



यादव, शानू पैकरा, तरुण अनंत, शैलेंद्र पटेल, निखिल सिंह, सुनील कश्यप, लंकेश्वर देवांगन, शैलेंद्र श्रीवास उपस्थित थे।

## भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का बाजे-गाजे के साथ विसर्जन

**जांजगीर।** नैला क्षेत्र के ग्राम कन्हाईबंद भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूजा अर्चना कर प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन किया गया है। मांदर की थाप पर झूमते हुए लोगों ने प्रतिमा विसर्जन किया। प्रतिमा दर्शन के लिए विधायक ब्यास कश्यप, सभापति कुसुम कमल साव एवं अन्य लोग पहुंचे हुए थे।



# बिलासपुर रेलवे-स्टेशन में दिखा स्पाइडरमैन, RPF ने पकड़ा

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन में रील्स बनाने के लिए एक युवक स्पाइडरमैन बनकर पहुंचा। वह प्लेटफार्म की रेलिंग पर बैठकर लोगों का ध्यान खींच रहा था, तभी वहां RPF की टीम पहुंची। उसे पकड़कर ले गई। हालांकि, पूछताछ के बाद उसे समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

बताया कि युवक यू-ट्यूबर है और अपने सोशल मीडिया आईडी में टीआरपी बढ़ाने के लिए वह स्पाइडरमैन बनकर वीडियो बनाने आया था। बताया जा रहा है कि युवक मध्यनगरी चौक के पास रहता है।

दरअसल, गुरुवार को रेलवे स्टेशन में जब युवक स्पाइडरमैन बनकर रेलिंग पर बैठा था, तो उसे देखकर बच्चे भी खुशी से चिल्ला



रहे थे। इतना ही नहीं बड़े हैरानी की नजर से उसे देखते और आगे बढ़ जाते।

यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि वह रील्स बनाने के लिए प्लेटफार्म के अंदर जाने की फिराक में था। उससे पहले RPF ने पकड़ लिया।

**प्लेटफार्म पर रील्स बनाने पर है प्रतिबंध**

RPF के अनुसार युवक का यूट्यूब पर चैनल है। इसकी टीआरपी बढ़ाने के लिए एक ऐसी जगह पर पहुंच गया, जो प्रतिबंधित क्षेत्र है। स्टेशन हो या फिर ट्रेन, यहां रेल प्रशासन ने रील बनाने पर बैन किया गया है।

यही वजह है कि जानकारी मिलने पर आरपीएफ ने उसे पकड़ा था। पूछताछ की गई तो पहले वह खामोशी से अपनी गलती स्वीकार करने लगा।

**अपनी गलती के लिए माफी मांगी**

इस दौरान उसके चेहरे से मास्क को हटवाया गया। वह बिलासपुर के मध्यनगरी चौक के पास रहता है। युवक ने कहा कि वह रील्स बनाने के चक्कर में आया था। उसने अपनी गलती के लिए माफी मांगी, जिस पर उसे समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

# विद्युतकर्मी से लूटपाट करने के मामले में पकड़े गए आरोपी

**बाराद्वार।** ड्यूटी के बाद लौट रहे विद्युत विभाग के कर्मचारी से बाराद्वार थाना छेत्र के ग्राम धनेली भाठा में लूट करने वाले तीन लुटेरों को बाराद्वार पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दर्राभांठा के कैलाश राम सिदार ने 19 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सोहागपुर सीएसपीडीसीएल में लाईनमैन के पद पर कार्यरत हैं। 18 सितंबर को सोहागपुर से ड्युटी कर रात्रि 11.00 बजे अपने मोटर सायकल कमांक सीजी 12 एएक्स 1588 से अपने घर दर्राभांठा जा रहे थे।

रात्रि 11.50 बजे धनेलीमांठा पोल्ट्री फार्म के पास स्कूटी सवार तीन युवकों ने रास्ता रोक चाकू की नोंक पर मोबाईल, 15 सौ रुपए नकद, बैग आदि लूटकर भाग गए। कैलाश ने युवकों के फरार होते समय स्कूटी का नंबर सीजी 10 बीटी 2162 याद कर लिया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए 19 नवंबर को बिलासपुर कोटा वार्ड क्रमांक 06 निवासी अमित विश्वकर्मा, किशन पाण्डे और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का सामान जब्त करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।



# माइनिंग विभाग ने बड़ी मात्रा में रेत जप्त की

**शिवरीनारायण।** महानदी का जलस्तर घटते ही रेत माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं, जिसके कारण नगर में रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। महानदी से लगातार रेत का अवैध खनन, भंडारण व परिवहन हो रहा है।

रेत माफिया रेत के काले काम को अंजाम देने सरकारी नियम कायदों को रौंद रहे हैं। रेत के अवैध कारोबार की लगातार मिल रही शिकायत पर गुरुवार को तहसीलदार अविनाश चौहान की टीम ने नगर में रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की। इसमें नगर के तीन अलग-अलग जगहों पर अवैध रूप से भंडारित 140 ट्रिप रेत की जब्ती बनाई गई है। तहसीलदार की टीम ने नगर के केरा रोड स्थित शबरी धाम कॉलोनी के सामने कृष्णा अग्रवाल पिता दीपक अग्रवाल की जमीन पर डंप 60 ट्रिप, पवन फ्यूल्स के सामने गायत्री अग्रवाल पति लखेश्वर अग्रवाल की जमीन पर डंप 40 ट्रिप और केरा चौक के पास मोदी लकड़ी मिल के सामने पूर्णेन्द्र तिवारी की जमीन पर डंप 40 ट्रिप अवैध रूप से भंडारित कुल 140 ट्रिप रेत जब्त की है।

कार्रवाई के दौरान जब्त अवैध रेत को नगर पंचायत सीएमओ राकेश साहू को सुपुर्द किया है। रेत के भंडारण वाले रास्तों को जेसीबी से काटा गया है, ताकि रेत माफिया जब्त रेत को बेच ना सकें। कार्रवाई के संबंध में तहसीलदार अविनाश चौहान ने बताया यदि इसके बाद भी किसी व्यक्ति द्वारा जब्त रेत को बिना अनुमति के उठाकर बेचा जाता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने कहा कि जिस भी जगह पर रेत का अवैध भंडारण पाया जाएगा, उस जमीन के



मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अवैध रेत के खिलाफ कार्रवाई करने वाली टीम में तहसीलदार अविनाश चौहान, नायब तहसीलदार संजय बरेठ, सीएमओ राकेश साहू, आरआई किशोर सिदार शामिल थे।

अवैध डंपिंग पर जमीन मालिक पर कार्रवाई ट्नगर के केरा रोड में शबरी धाम कॉलोनी के सामने, पवन फ्यूल्स के सामने व केरा चौक तुस्मा रोड के पास अवैध रूप से डंप की गई 140 ट्रिप रेत जब्त की है। बिना अनुमति जब्त रेत को उठाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अवैध रेत के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। -अविनाश चौहान, तहसीलदार, शिवरीनारायण

## बस की टक्कर से भतीजे की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसका चाचा गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है।

इधर, घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने सड़क जाम करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कोयला ट्रेलर की नो एंट्री की नई टाइमिंग पर फैसला होगा आज

**बलौदा।** नगर के अंदर से परिवहन करने वाली भारी भरकम कोयला ट्रेलर की नो एंट्री की टाइमिंग को लेकर नगर वासियों में आक्रोश है। पहले बलौदा से नैला तक सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक नो एंट्री का आदेश जारी किया था। उसके 10 दिनों के अंदर आदेश को बदलकर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक यानि दो घंटे सुबह और दो घंटे शाम के लिए नो एंट्री का आदेश जारी कया। नगरवासियों व ग्रामीणों ने इस पर विरोध जताया तो जिला प्रशासन ने फिर से नो एंट्री की टाइमिंग निर्धारित करने शुक्रवार 20 सितंबर को कलेक्ट्रेट में बैठक बुलाई है, जिसमे एसडीएम, आरटीओ, सीएमओ सहित जनप्रतिनिधियों को बुलाया है। बैठक में सबकी राय से फिर नया टाइम निर्धारित करने की बात कही जा रही है। इधर जब नो एंट्री का संशोधित आदेश जारी हुआ तो 13 सितंबर को नगर पंचायत अध्यक्ष ललिता पाटले के नेतृत्व में नगर पंचायत में पीआईसी की बैठक कर जिला प्रशासन के पूर्व के आदेश जिसमे पूरे दिन नो एंट्री लागू किया था, उसे यथावत रखने का प्रस्ताव पारित किया। 17 सितंबर को कलेक्ट्रेट में भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था।

## 24वीं राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा में मुस्कान हंसे ने जीता गोल्ड मेडल

**बाराद्वार।** डीपी विप्र बिलासपुर में संभाग स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया है, जिसमें कराते में संभाग स्तरीय खेलने के लिए बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सारंगढ़, कोरबा, मुंगेली और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के विभिन्न स्कूलों के 6वीं से 12वीं तक के 180 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतिस्पर्धा में कराते संघ सक्ती के जिला सचिव सुमित खूंटे बाराद्वार के नेतृत्व में जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए सक्ती जिला से शासकीय प्राथमिक शाला बाराद्वार की 6वीं की छात्रा ने अंडर 14 बालिका वर्ग में मुस्कान हंसे ने गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए नेशनल स्कूल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इसके अलावा सनराइज पब्लिक स्कूल बाराद्वार की छात्रा गौरी खुंटे ने अंडर 17 बालिका वर्ग में कांस्य पदक, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बाराद्वार के छात्र दिनेश कुमार ने अंडर 17 बालक वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया और जगरानी देवी विद्यालय बाराद्वार के छात्र इंद्रजीत रात्रे ने अंडर 19 वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल के साथ माता पिता का नाम रोशन किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ जिला कोरबा तहसील-कोरबा प.ह.न.-00027 अखरापाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202324550107500015

**// ईश्तहार//**

तहसील कोरबा के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम अखरापाली के वर्तमान भूमिस्वामी महेशराम पिता/पति-परशुराम पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 337/3(0.1500), 536/5(0.0360), 25/4(0.0240), 539/1 (0.2550), 50/4 (0.0200), 555/1(0.0850), 252/1 (0.1050), 561/1/ख (0.1660), 249/5 (0.0970), 557/2/ख (0.0730), 536/2 (0.0810), 516/2 (0.1620) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चन्द्रिका प्रसाद महलांगे पिता/पति-सहसराम उर्फ भुरवा पता-ग्राम अखरापाली, तहसील व जिला कोरबा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.) पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनबाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/08/2024 को जारी किया जाता है।

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
KISHOR SHARMA
तहसील कोरबा

# जाम की समस्या ने परेशान किया जनता को

**सक्ती।** राजस्व और जनपद पंचायत के सामने कर्मी बाइक को कही भी खड़ी कर ऑफिस चले जा रहे हैं। इससे आने-जाने वालों को परेशानी होती है। स्टेशन रोड और एमएल जैन स्कूल, कन्या शाला की सड़क पर बाइक और कार के खड़े होने से सड़क पर जाम लग जाता है।

कुछ साल पहले यहां वाहन स्टैंड का ठेका राजस्व विभाग देता था। इससे गाड़ियां एक कतार में खड़ी होती थी। इससे किसी को भी ऑफिस जाने में कठिनाई नहीं होती थी, लेकिन एकाएक साइकिल स्टैंड का ठेका नहीं देने के कारण नागरिक कहीं भी अपने वाहन खड़ा कर रहे हैं। इससे अन्य वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रैना जमील ने पीडब्ल्यूडी के बदहाल मकानों



को तुड़वाकर उसे साइकिल स्टैंड के लिए सुरक्षित रखा था, लेकिन अधिकारी का स्थानांतरण होते ही माहौल जस का तस हो गया है।

एक ही अहाता के अंदर राजस्व विभाग, अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत और न्यायालय परिसरर्र स्थत है। राजस्व विभाग के बगल में जो कन्या शाला स्कूल व एमएल जाने का रास्ता है, वहां बहुत सी जमीन राजस्व विभाग की खाली पड़ी है।

अगर कोई अधिकारी गेट को बंद करवा देता है तो परिसर की खाली जगह होने के चलते ऑफिस कार्य के लिए आए लोगों को परेशानी नहीं होती। नागरिकों ने मांग की है कि तत्काल स्टैंड का नीलामी कर नागरिकों को राहतर्त दलाएं, जबकि राजस्व विभाग की बहुत जमीन है, जिससे ज्यादा से ज्यादा गाड़ी खड़ी हो सकती हैं।

## करमा नृत्य के साथ भगवान विश्वकर्मा का विसर्जन किया

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक निवासी लक्ष्मी नारायण साहू के घर में विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापित की गई थी। विश्वकर्मा भगवान के विसर्जन यात्रा गांव में करमा झांकी के साथ निकाली गई। झांकी गांव के सभी मोहल्लों से गुजरते हुए अंतिम में नैया तालाब पहुंची। यहां में विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति का विसर्जित किया गया।



# पर्यावरण की करेंगे सुरक्षा, लिया संकल्प

**सक्ती।** शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ती में राष्ट्रीय सेवा योजना का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य डॉ. डीपी पाटले,ि विशिष्ट अतिथि डॉ. शकुंतला राज, आईक्यूएसी प्रभारी प्रो. अजय देवांगन उपस्थित रहे। स्वागत की कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक प्रो. सोमेश कुमार घिटोडे ने प्राचार्य डॉ. डीपी पाटले का एनएसएस बैज लगाकर किया। डॉ. शकुंतला राज का स्वागत सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हेमपुष्पा चंद्रा ने एनएसएस बैज लगाकर किया और प्रो. अजय देवांगन का स्वागत प्रो. यज्ञचरण राठिया ने किया।

प्रो. यज्ञ राठिया ने कहा कि यह छात्र छात्राओं के सर्वांगींण विकास पर आधारित महत्वपूर्ण योजना है। स्वच्छता से लेकर नशामुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा आदि के लिए समाज को जागरूक करता है। प्रो. महेंद्र यादव ने भी एनएसएस की स्थापना और उद्देश्य पर चर्चा की और एक प्रेरणा गीत नौजवान आओ रे नौजवान गाओ रे पेशकर सभी छात्रों को उत्साह से भर दिया। प्रो. हेमपुष्पा चंद्रा ने बताया कि इसकी स्थापना 1969 को हुई और इसके माध्यम से व्यक्तित्व विकास और नि:स्वार्थ सेवा भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस में नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास होता है। प्रो. शकुंतला राज ने कहा कि एनएसएस समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर बल देता है। उन्होंने कहा कि आप सभी एक महत्वपूर्ण योजना के सदस्य बने है, जो निरंतर नि:स्वार्थ भाव से समाज सेवा करता है। प्राचार्य डॉ. डीपी पाटले ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम नए स्वयं सेवकों को एनएसएस के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि आप सभी निरंतर समाज सेवा के लिए कार्य करें और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने लोगों को जागरूक करें। प्रो. सोमेश कुमार घिटोड़े ने एनएसएस के ध्येय वाक्य, लक्ष्य और प्रशासनिक संगठन को बताया। कार्यक्रम . क्रान्ति कुमार भारतीय कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा योजना का उद्देश्य बताया

## अनमोल वचन......

जो व्यक्ति कभी हार नहीं मानता, वही सफलता का स्वाद चखता है: अटल बिहारी वाजपेयी

# इस्तीफे का फैसला अप्रत्याशित

केजरीवाल का इस्तीफे का फैसला अप्रत्याशित है। वे एक तीर से कई निशाने साध रहे हैं। भ्रष्टाचार पर जवाब दे रहे हैं और सहानुभूति बटोर रहे हैं। राजनीति में मतदाताओं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाने का या अप्रत्याशित निर्णय करने का अपना महत्व होता है। अरविंद केजरीवाल इसे बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। तभी वे अक्सर अपने फैसलों से चौंकाते रहते हैं। याद करें कितनी मेहनत करके उन्होंने दिसंबर 2013 में कांग्रेस से तालमेल किया था। जिसके खिलाफ लड़े थे उसी के आठ विधायकों की मदद लेकर सरकार बनाई और लगा कि सब कुछ ठीक चल रहा है तो उन्होंने महज 49 दिन के बाद ही इस्तीफा दे दिया। वह इस्तीफा अप्रत्याशित था और उसके बाद फरवरी 2015 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो बहुमत मिला वह भी अप्रत्याशित था। इसी तरह से केजरीवाल के इस बार के इस्तीफे का फैसला भी अप्रत्याशित है। आमतौर पर माना जा रहा था कि वे गिरफ्तार होंगे या जेल जाएंगे तो इस्तीफा देंगे। लेकिन तब उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और अभी जब किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी तो उन्होंने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उनका इस्तीफा कई स्थितियों का मिलाजुला प्रतिफल है। इसके पीछे पांच महीने बाद होने वाले चुनाव की रणनीति तो है लेकिन कुछ और स्थितियां भी हैं। जैसे केजरीवाल की पार्टी चाहे जो भी दावे करे लेकिन उनको पता था कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की जो शर्तें लगाई हैं, उससे उनके हाथ बंधे हैं। वे कोई बड़ा नीतिगत फैसला नहीं कर पाएंगे। अगर सरकार लोक लुभावन फैसले करती है तो उप राज्यपाल द्वारा रोके जाने का अलग खतरा है। ऐसे में अगर वे खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहते हैं तो चुनाव में जनता को जवाब देना भारी पड़ेगा। दूसरे, उनको यह अंदाजा हो गया था कि गिरफ्तारी से ज्यादा सहानुभूति नहीं पैदा हुई है इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ कर सहानुभूति हासिल करने का प्रयास किया है। उनको पता है कि विधानसभा का कार्यकाल पांच महीने से भी कम बचा है। इसलिए नाखून कटा कर शहीद होने में कोई समस्या नहीं है। वे साढ़े नौ साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। एक कारण यह भी है कि वे भ्रष्टाचार के मसले पर भारतीय जनता पार्टी को जवाब देना और दिल्ली के मतदाताओं को मैसेज देना चाहते थे। दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे हैं। जेल से निकलने के बाद भी इस्तीफे की मांग थमी नहीं है। केजरीवाल ने अब इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। सो, अब वे भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब सकेंगे कि उन्होंने तो इस्तीफा दे दिया।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे, जो आपको पसंद है। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यों में परिवार का सहयोग मिलेगा। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**मिथुन राशि-**आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आखिरकार आपको छुटकारा मिल जाएगा। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे।

**कर्क राशि-**आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके। सगे-संबंधियों से आपको सहायता मिल जाएगी। आज किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए।

**सिंह राशि-**आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। आप जीवनसाथी के साथ परिवार की भलाई के लिए कार्य करते हुए नजर आएंगे और सदस्यों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

**कन्या राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

**तुला राशि-**आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको परिवार का सहयोग मिलेगा। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में अपने पसंदीदा कार्य करेंगे।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल-मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा शक्ति की कमी है। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं।

**धनु राशि-**आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपका मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी। अगर आपने पहले कोई निवेश किया हुआ है तो उसका भी पूरा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी आज आपको कोई खुश-खबरी देंगे, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। घर से जुड़ी योजनाओं पर विचार करने की जरूरत है।

**कुंभ राशि-**आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मीन राशि-**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

# राहुल की बातें मजाक की नहीं, चिंता का विषय

//एस. सुनील//

**पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगा'। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं'। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है।**

कांग्रेस पार्टी के सर्वोच्च नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमति स्मृति ईरानी ने एक बहुत पते की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि, राहुल गांधी जो कहते हैं, हम भले उसे बचकाना मानें या हंसी उड़ाएं लेकिन वे अलग तरह की राजनीति कर रहे होते हैं'। उनके कहने का मतलब था कि राहुल की बातें सुनने में बचकानी या बेसिरपैर की लग सकती हैं लेकिन वे किसी न किसी राजनीतिक मकसद से अपनी बातें कहते हैं। वह उनके, उनकी पार्टी के और व्यापक गठबंधन की वृहत्तर राजनीति को साधने के लिए कही गई बात होती है। इसलिए उनकी बातों को और जिस संदर्भ में वे अपनी बात कहते हैं उसको गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उनकी बातें मजाक की नहीं, बल्कि चिंता का विषय हैं।

तीन दिन की अपनी अमेरिका यात्रा में वे जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी गए और नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने जो बातें कहीं या इनसे अलग जिन लोगों से बेहद आत्मीय मुलाकात की है उसको पूरे संदर्भ के साथ देखेंगे तो एक बड़े खतरे का आभास होगा। इससे कांग्रेस और पूरे विपक्ष की मानसिकता समझ में आएगी और उनकी विभाजनकारी राजनीति की वास्तविक तस्वीर भी दिखेगी। अमेरिका यात्रा में राहुल की दो बातें और एक मुलाकात विवाद के केंद्र में हैं। पहली बात आरक्षण के संदर्भ में हैं। उन्होंने कहा, हम आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेंगे, जब भारत एक भेदभावरहित जगह बन जाएगा'। दूसरी बात, सिखों को लेकर है। राहुल ने कहा, भारत में सिख डरने लगे हैं कि उनको पगड़ी और कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं'। इन दो बातों के अलावा विवाद का तीसरा मुद्दा उनकी मुलाकात है। वे अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल से मिले, जिसमें इल्हान उमर भी शामिल थीं, जिनका भारत विरोध जगजाहिर है।राहुल और विपक्ष के राजनीतिक डिजाइन को समझने के लिए शुरुआत उनकी पहली बात से करते हैं। आरक्षण समाप्त करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में अभी बहुत भेदभाव और असमानता है, जब सबके लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे यानी असमानता खत्म हो जाएगी तभी आरक्षण खत्म होगा। इस बात के दो पहलू हैं। एक पहलू को लेकर सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने राहुल पर हमला किया।उन्होंने कहा कि यह आरक्षण खत्म करने की साजिश का खुलासा है। बाद में दूसरी पार्टियों ने भी यह चिंता जताई और कहा कि कांग्रेस की आरक्षण विरोधी मानसिकता जाहिर हो गई। कहने की जरुरत नहीं है कि आजादी के बाद से कांग्रेस हमेशा आरक्षण विरोधी रही है। उसके शासन में काका कालेलकर आयोग बना था, जिसकी सिफारिशें उसने नहीं लागू कीं और बीपी मंडल की अध्यक्षता में बनी मंडल आयोग की रिपोर्ट भी इंदिरा और राजीव गांधी ने 10 साल तक बक्से में बंद रहने दी थी। अब राहुल गांधी अचानक जाति जनगणना और आरक्षण के चैम्पियन बनने लगे हैं। लेकिन अमेरिका में उनकी बातों से उनकी पार्टी का छिपा हुआ एजेंडा जाहिर हो गया।आरक्षण पर दिए उनके बयान का दूसरा पहलू यह था कि भारत एक फेयर प्लेस' नहीं है। यहां भेदभाव होता है और समानता नहीं है। क्या यह भारत के समाज को बांटने वाली बात नहीं है। क्या राहुल गांधी भारत के संविधान को नहीं मानते हैं। भारत का संविधान नागरिकों के बीच समानता के सिद्धांत पर आधारित है। वह हर नागरिक को अवसर की समानता का अधिकार देता है। इसी सिद्धांत में अपवाद बना कर एफर्मेटिव एक्शन' लिए गए हैं यानी आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। इसके बावजूद अगर किसी स्तर पर असमानता है तो उसके लिए दोषी कौन है? क्या 60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पर इसकी जवाबदेही नहीं आती है? अगर कहीं असमानता है तो क्या राहुल गांधी के पूर्वजों की गलत नीतियों की वजह से नहीं है। और क्या यह सचाई नहीं है कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में हर किस्म की असमानता मिटाने और सभी जातीय, धार्मिक व आर्थिक समूह के लोगों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए काम किया है। परंतु राहुल गांधी को भारत का अपमान करना था। भारत के बारे में बुरी बातें कहनी थीं। वे समझते हैं कि इससे वे प्रधानंमत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा का अपमान कर रहे हैं, लेकिन असल में वे भारत का अपमान करते हैं। पहले वे एक सांसद के नाते विदेश जाते थे और इस तरह की बातें करते थे परंतु इस बार तो वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नाते विदेश गए थे। वे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति हैं और देश के राजदूत के रूप में उनका आचरण होना चाहिए था। लेकिन अफसोस की बात है कि वे अपने छोटे छोटे राजनीतिक पूर्वाग्रहों से ऊपर नहीं उठ सके।उनकी दूसरी बात और भी खतरनाक थी। उन्होंने सिखों के मन में डर पैदा हो जाने की बात कही। यह बात कितनी खतरनाक है इसका अंदाजा इससे लगता है कि सिख फॉर जस्टिस' नाम से संगठन बनाने वाले अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने उनकी बात का समर्थन किया। राहुल की इस बात से पहले सवाल तो यही उठता है कि क्या नैतिक रूप वे ऐसी स्थिति में हैं कि इस तरह के बयान दे सकें। उनकी दादी इंदिरा गांधी की सरकार ने ऑपरेशन ब्लूस्टार के रूप में सिखों को सबसे बड़ा घाव दिया था और उनके पिता राजीव गांधी की सरकार के समय दिल्ली में सिखों का नरसंहार हुआ था।

उनकी पार्टी के ही नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पिछले दिनों राहुल के बचाव में उतरे तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय सिखों के सबसे पवित्र स्वर्ण मंदिर पर हमला' हुआ था। यह भी सबको पता है कि सिख नरसंहार के समय उसको न्यायसंगत ठहराते हुए राजीव गांधी ने कहा था कि बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है।सिखों के प्रति इस तरह का भाव रखने वाले लोग विदेश जाकर उनके लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं, इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है! लेकिन इस बयान के लिए राहुल की बुद्धि पर अफसोस करने की बजाय यह समझने की जरुरत है कि उन्होंने ऐसा विभाजनकारी बयान क्यों दिया? उनका बयान खालिस्तान की मांग करने वाले अलगाववादियों के तुष्टिकरण वाला है। यह बहुत खतरनाक बयान है। ध्यान रहे पंजाब में 2017 के चुनाव के समय आम आदमी पार्टी पर अलगाववादियों से मिलीभगत के आरोप लगे थे। बाद में 2022 में कट्टरपंथी ताकतों के समर्थन से आप ने कांग्रेस को हरा कर पंजाब में सरकार बना ली। तभी ऐसा लग रहा है कि राहुल गांधी आप से ज्यादा कट्टरपंथी राजनीति कर रहे हैं ताकि पंजाब में सत्ता हासिल की जा सके। इसके लिए वे देश की एकता, अखंडता को दांव पर लगाने के लिए भी तैयार हैं।

नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली विदेश यात्रा पर गए राहुल गांधी ने वॉशिंगटन में रेबर्न हाउस में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इसमें अमेरिका की विवादित कांग्रेस सदस्य इल्हान उमर भी शामिल थीं। अब ऐसा नहीं हो सकता है कि राहुल और उनकी टीम को, खास कर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को इल्हान उमर के बारे में जानकारी नहीं हो। वे भारत विरोधी बयानों और विचारों के लिए जानी जाती हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अमेरिका के दौरे पर गए और अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित किया तो इल्हान उमर से उसका बहिष्कार किया था।

वे पाकिस्तान सरकार के खर्चे पर पाकिस्तान के दौरे पर गई थीं और पाक अधिकृत कश्मीर का भी दौरा किया था। इल्हान ने पाक अधिकृत कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताया था। भारत ने इसका विरोध किया था और कड़ा प्रतिवाद दर्ज कराया था। भारत व कनाडा के कूटनीतिक तनाव के समय भी उन्होंने भारत विरोधी रुख अख्तियार किया था। वे एनआरसी के विरोध में बोलती हैं। क्वाड के विरोध में बोलती हैं। दुनिया में शायद ही कोई और विदेशी राजनेता होगा, जिसका भारत के मामले में इतना नफरत भरा रवैया होगा। लेकिन राहुल गांधी उनसे भी मिले। ऐसा लग रहा है कि राहुल ने भारत विरोधी ताकतों से मेलजोल रखना अपनी आदत बना ली है। पहले भी जॉर्ज सोरोस के करीबियों से राहुल की मुलाकातों को लेकर विवाद हुए थे।

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान रचता मध्यप्रदेश

**वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के अनुकूल पर्यावरण संरक्षित प्रदेश बनने में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचने जा रहा है। वर्ष 2012 में प्रदेश की लगभग 500 मेगावॉट नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता थी। वर्तमान में कुल क्षमता बढ़कर 7 हजार मेगावॉट हो गयी है, जो कि विगत 12 वर्षों में लगभग 14 गुना बढ़ी है। राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता में नवकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़कर 21 प्रतिशत हो गयी है। राज्य सरकार की नवकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता को वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 20 हजार मेगावॉट करने की योजना है। आज प्रदेश में मौजूद रीवा और ओंकारेश्वर जैसी विश्व-स्तरीय सौर परियोजनाएँ देश में राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प और इच्छा-शक्ति का गौरव-गान कर रही हैं।**

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार करने में अग्रणी रहा है। रीवा सोलर प्रोजेक्ट 1590 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित है। यह विश्व के सबसे बड़े सिंगल साइड सौर संयंत्रों में से एक है। इस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन को एक आदर्श के रूप में पहचान मिली है। परियोजना से उत्पादित ऊर्जा का 76 प्रतिशत अंश पावर मैनेजमेंट कम्पनी उपयोग कर रही है। पहली बार ओपन एक्सेस से राज्य के बाहर दिल्ली मेट्रो जैसे व्यावसायिक संस्थान को उत्पादित बिजली का शेष 24 प्रतिशत अंश भी प्रदान किया जा रहा है। इससे प्रतिवर्ष 15.7 लाख टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन को रोका जा रहा है, जो 2 करोड़ 60 लाख पेड़ लगाने के बराबर है। प्रोजेक्ट को गवर्मेंट ऑफ इण्डिया की नवाचार की पुस्तक नई शुरुआत वर्ष 2017 में शामिल किया गया। रीवा सोलर प्रोजेक्ट को हार्वर्ड विश्वविद्यालय और सिंगापुर मैनेजमेंट विश्वविद्यालय में केस स्टडी के रूप में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस प्रोजेक्ट को वर्ल्ड बैंक प्रेसीडेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। इसे नवाचार के लिये प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये भी चयनित किया गया है। यह प्रोजेक्ट पारम्परिक कोयला आधारित बिजली से कम दरों पर सौर ऊर्जा प्राप्त करने वाली भारत की पहली परियोजना है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए मध्यप्रदेश में वर्तमान में आगर-शाजापुर-नीमच में 1500 मेगावॉट क्षमता का सोलर पार्क निर्माणाधीन है। इसमें आगर जिले की 550 मेगावॉट की क्षमता स्थापित की जा चुकी है। शाजापुर एवं नीमच जिले की 780 मेगावॉट क्षमता अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर ली जायेगी। इसके अतिरिक्त मंदसौर में 250 मेगावॉट का सोलर पार्क तैयार किया गया है। इससे उत्पादित ऊर्जा मध्यप्रदेश की वितरण कम्पनियों द्वारा क्रय की जा रही है। प्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के तट पर बसे ओंकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट (पानी पर तैरने वाली सौर परियोजना) विकसित किया जा रहा है। इसकी क्षमता 600 मेगावॉट है। इससे बहुमूल्य भूमि की बचत होगी। पैनल से पानी की सतह को ढंकने से वाष्पीकरण द्वारा होने वाले जल की हानि को कम किया जा सकेगा। परियोजना की स्थापना से कोई विस्थापित नहीं होगा। पैनल्स की सफाई के लिये भूमिगत जल की आवश्यकता भी नहीं रहेगी। ओंकारेश्वर प्रोजेक्ट की प्रथम चरण में 200 मेगावॉट क्षमता स्थापित हो चुकी है। कुल 3900 करोड रुपए की लागत से संपूर्ण 600 मेगावॉट की क्षमता स्थापित होने पर यह 12 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी और वर्ष 2070 तक भारत सरकार के शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन मिशन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। उक्त परियोजना जल वाष्पीकरण को कम करके जल संरक्षण में भी सहायक होगी। प्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने के अतिरिक्त देश के उन राज्यों, व्यवसायिक संस्थानों को भी नवकरणीय ऊर्जा आपूर्ति हेतु प्रयासरत हैं, जहाँ इसकी उपलब्धता कम है अथवा आवश्यकता है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे इन सभी प्रयासों के माध्यम से प्रदेश को हार्ट ऑफ इंडिया के साथ साथ लंग्स आफ इंडिया तैयार करने का विजन रखा गया है। प्रदेश सरकार की नई नवकरणीय ऊर्जा नीति-2022 का लक्ष्य नवकरणीय ऊर्जा परियोजना विकास के लिए प्रदेश में समग्र वातावरण का विकास करना है। प्रदेश में किसानों को भी ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कुसुम-अ एवं कुसुम-स के माध्यम से हम अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का कार्य भी पूर्ण तत्परता से कर रहे हैं। प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना में सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य वर्ष 2025 के अंत तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। मुरैना सोलर पार्क अंतर्गत ऊर्जा 440 मेगावॉट म 4 ॥ह्म् ऊर्जा भण्डारण परियोजना के अतिरिक्त 2000 मेगावॉट म 6 ॥ह्म् पंप हाइड्रो ऊर्जा भण्डारण परियोजना निर्माण हेतु निविदा पर कार्यवाही की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। मध्यप्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के साथ ही पूरे विश्व में एक रोल मॉडल बनाना है।

## सुरक्षा और विकास के मोर्चे पर छत्तीसगढ़ सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों के हित में ठोस कदम उठा रही है। दूरस्थ और पिछड़े वनांचल इलाकों में मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अलावा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का काम तेजी से हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं जिनके जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव से जन-जीवन जीवन बदल रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर नियद नेल्लानार योजना से आज आदिवासी परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण आई है। इस योजना में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के गांवों का चयन कर शासन के 12 विभागों की 32 कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधनों का विकास किया जा रहा।दूरस्थ आदिवासी इलाकों से अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री साय की पहल पर भारत सरकार ने हरी झंडी दे दी है। सडकों के विकास को लेकर भी लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे आदिवासी अंचलों तक आवाजाही आसान हुई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय भी लिया, जिसका लाभ बड़ी मात्रा में आदिवासी अंचलों के जरूरतमंद रहवासियों को मिल रहा है।तेंदूपत्ता वनवासियों की आजीविका का मजबूत स्रोत है, इससे होने वाली आमदनी को बढ़ाते हुए सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा किया, जिसका लाभ चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार से अधिक संग्राहकों को मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका योजना भी शुरू करने जा रही है, इसके साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा। सुरक्षा और विकास के दोहरे मोर्चे पर काम करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज अनुपात के हिसाब से छत्तीसगढ़ का बस्तर देश में सबसे सैन्य संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है, बस्तर डिवीजन में प्रत्येक 9 नागरिकों के पीछे एक पैरामिलिट्री का जवान है।

## तस्वीरों की दुनिया



श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए घर से मतदान सुविधा के तहत मतदाताओं को वोट डालने के लिए मतदान अधिकारी डल झील के पानी में शिकारा पर सवार होकर जादीबल निर्वाचन क्षेत्र में पहुँचते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटरा में जम्मू एवं कश्मीर चुनाव के लिए एक जनसभा के दौरान।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कटरा में जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए रोड शो करते हुए।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मेदिनीपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और निरीक्षण किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का श्रीनगर में जम्मू एवं कश्मीर चुनाव के लिए आयोजित एक जनसभा में पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया गया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए एक जनसभा को संबोधित किया।




राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मध्य प्रदेश के उज्जैन में सफाई मित्र सम्मेलन में भाग लेती हुई।

# पहली बार दिल्ली तक पहुंची नक्सली हिंसा के पीड़ितों की आवाज

## जेएनयू में भी नक्सलियों की करतूतों को करेंगे उजागर

**नईदिल्ली, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सली हिंसा के पीड़ित लोगों ने पहली बार दिल्ली में अपनी आपबीती सुनाई। नक्सली हिंसा में कोई न कोई अंग गंवा चुके इन लोगों की आपबीती और संघर्ष की कहानी सुनकर गृहमंत्री अमित शाह भावुक हो गए और सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शनिवार को ये पीड़ित राष्ट्रपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे। इसके पहले वामपंथ के गढ़ रहे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय में भी ये पीड़ित बस्तर में नक्सलियों की करतूतों को उजागर करेंगे। बस्तर शांति समिति के बैनर तले पहली बार नक्सली हिंसा की चपेट में परिवार के सदस्य के खोने और अपाहिज होने वाले लोग अपनी आपबीती सुनाने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं।लगभग 100 पीड़ितों ने गुरूवार को गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के पहले जंतर-मंतर पर आम लोगों के सामने अपनी आपबीती सुनाई। बस्तर शांति समिति से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अभी तक बस्तर में नक्सली हिंसा को जायज ठहराने के लिए सुरक्षा बलों के खिलाफ दुष्प्रचार किया जाता था। नक्सलियों के मुखौटे संगठन सुरक्षा बलों की ज्यादतियों के बारे में मनगढंत कहानियां सुनाते थे। लेकिन नक्सली हिंसा के शिकार बस्तर के आम लोगों का दर्द देश की राजधानी तक नहीं पहुंचता था। पहली बार इन पीड़ितों का दर्द दिल्ली में सर्वोच्च स्तर तक पहुंच रहा है।

# अमित शाह ने की श्वेत क्रांति-2.0 की शुरुआत, डेयरी सेक्टर को मिलेगा बूस्ट, दूध उत्पादन में होगी बढ़ोतरी




**नईदिल्ली, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत के दुग्ध सहकारी क्षेत्र में व्यापक बदलाव की पहल करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को श्वेत क्रांति-2.0 की शुरुआत की। उन्होंने इसे महिला किसानों को सशक्त बनाने एवं रोजगार सृजन के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से बड़ी पहल बताया।नई दिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रीय स्तर के एक सम्मेलन में सहकारिता मंत्रालय के सौ दिनों की विभिन्न परिवर्तनकारी पहलों की श्रृंखला के उद्घाटन में अमित शाह ने चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। इसमें महिला किसानों को सशक्त बनाना, दूध उत्पादन बढ़ाना, डेयरी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना एवं दुग्ध निर्यात को प्रोत्साहित करना शामिल है।उन्होंने दो लाख नए पैक्सों (प्राथमिक कृषि साख समितियां), डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन एवं उनके सुदृढ़ीकरण की मानक संचालन प्रक्रिया के साथ सहकारी समितियों के बीच सहयोग से जुड़ी मार्गदर्शिका भी जारी की। उन्होंने एक लाख नई और मौजूदा जिला सहकारी समितियों, बहुउद्देश्यीय जिला सहकारी समितियों एवं बहुउद्देश्यीय पैक्सों की स्थापना का लक्ष्य भी दिया। विश्वास भी दिलाया कि पैक्स अब बंद नहीं होंगे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि डेयरी सहकारी समितियां अगले पांच वर्ष के भीतर प्रतिदिन एक हजार लाख किलो दूध की खरीद करने लगेंगी। इससे किसानों एवं गो-पालकों की आजीविका में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे सहकारी क्षेत्र का विस्तार भी होगा। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में अधिकतर महिलाएं काम कर रही हैं। इनमें सिर्फ गुजरात में ही 60 हजार करोड़ रुपये का कारोबार किया जा रहा है। नई पहल से महिलाओं को कुपोषण के विरुद्ध लड़ाई में धार आएगी। दुग्ध सहकारी क्षेत्र को प्रारंभ में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) स्वयं के संसाधनों से इस पहल को वित्तपोषित करेगा, जो एक हजार पैक्सों को 40 हजार रुपये प्रति-पैक्स देगा। अमित शाह ने कार्यक्रम के लिए पूर्ण बजटीय समर्थन देने का आश्वासन दिया और कहा कि यह सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का क्षेत्र है। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता के जरिए गांवों के विकास की रफ्तार बढ़ी है। अलग मंत्रालय बनाने से गांवों-जिलों में अप्रासंगिक होते जा रहे सहकारिता क्षेत्र को संबल मिला है। आजादी के बाद सात दशकों में केंद्र सरकार की अनदेखी के कारण देश में सहकारिता आंदोलन लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा था। प्रशासन, अर्थव्यवस्था एवं अन्य सहकारी क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए जो बदलाव की जरूरत थी, वह नहीं किया गया।अमित शाह ने कहा कि अलग सहकारिता मंत्रालय बनाने की मांग अरसे से थी। मोदी सरकार ने इसे पूरा कर दिया। इसका उद्देश्य सभी गांवों और जिलों में सहकारी क्षेत्र को पुनर्जीवित करना है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी एवं पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि मत्स्य एवं पशुपालन से संबद्ध लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके चलते श्वेत क्रांति-2.0 लांच किया गया। श्वेत क्रांति-2.0 से किसानों की आय बढ़ेगी। दूध उत्पादन में भारत का स्थान विश्व में पहला है। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लगभग दोगुनी वृद्धि के कारण यह संभव हुआ है।

# यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने में जुटीं मायावती, सेक्टर व्यवस्था खत्म, फिर बनाए गए मंडल प्रभारी

**लखनऊ, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद अब वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बसपा प्रमुख मायावती ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सेक्टर व्यवस्था समाप्त कर एक बार फिर मंडल स्तरीय व्यवस्था लागू की है। पूर्व में तीन-तीन मंडल का एक सेक्टर बनाकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी को सेक्टर इंचार्ज बनाया गया था। सेक्टर इंचार्ज का पद खत्म कर अब वरिष्ठ पदाधिकारियों को मंडल प्रभारी बनाया गया है। प्रत्येक मंडल में जिलों के अनुसार जिलावार मंडल प्रभारी और जिले में चार-चार जिला प्रभारी भी अब होंगे। वंचितों व पिछड़ों के साथ ही अपर कास्ट में खासतौर से ब्राह्मण समाज व व मुस्लिम समाज को बसपा से जोड़ने के लिए अलग से प्रत्येक मंडल में उसी समाज का मंडल प्रभारी बनाया गया है। प्रत्येक जिले में मुस्लिम व ब्राह्मण भाईचारा कमेटियां भी होंगी। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी के शून्य पर सिमटने के बाद से मायावती लगातार संगठन को नए सिरे से खड़ा करने में लगी हैं।

बूथ से लेकर जिला स्तर तक की कमेठी को नए सिरे से बनाया जा रहा है। अब मायावती ने संगठन के संरचना में बदलाव किया है। प्रदेश के 18 मंडलों को छह सेक्टर में बांटने की व्यवस्था समाप्त कर अब हर एक मंडल को ध्यान में रखते हुए संगठन की पुरानी व्यवस्था को लागू किया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार हर एक मंडल में दो-दो मंडल प्रभारी होंगे। लखनऊ मंडल के प्रभारी डा. विजय प्रताप और शमसुद्दीन राईन बनाए गए हैं। इसी तरह प्रयागराज मंडल में लालाराम अहिरवार, दिनेश चंद्रा, राजू गौतम, मिर्जापुर में विश्वनाथ पाल व गुड्डू राम, चित्रकूट में घनश्याम खरवार व अशोक गौतम, कानपुर में सूरज सिंह जाटव व घनश्याम खरवार को लगाया गया है। गौर करने की बात यह है कि प्रत्येक मंडल में जिलों के अनुसार जिलेवार मंडल प्रभारी भी बनाए गए हैं। लखनऊ मंडल के सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर जिले के अखिलेश आंबेडकर, मौजीलाल गौतम व विनय कश्यप जबकि लखनऊ, उन्नाव व रायबरेली के अतर सिंह राव, राम नाथ रावत व सुशील मुन्ना जिलेवार मंडल प्रभारी बनाए गए हैं। इसी तरह जिलों के चार-चार प्रभारी बनाए गए हैं। लखनऊ जिले में दिनेश पाल, राकेश पाल गौतम, गंगाराम गौतम व राकेश पाल जिला प्रभारी होंगे।

इनमें जिले की सभी विधानसभाओं को बराबर-बराबर बांटकर विधानसभा चुनाव तक के लिए प्रभारी बनाए रखा जाएगा। खास बात यह है कि मायावती एक बार फिर सोशल इंजीनियरिंग के तहत अपर कास्ट में खासतौर से ब्राह्मण समाज और मुस्लिम समाज को पार्टी से जोड़न के लिए हर एक मंडल में दोनों ही समाज का एक-एक मंडल प्रभारी भी बनाया है। इनके साथ एक-एक वंचित समाज का पदाधिकारी भी लगाया गया है।

# भारत को जमीन, समंदर, आसमान के अलावा स्पेस, साइबर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वारफेयर के लिए अभेद्य चक्रव्यूह बनाना होगा



**नईदिल्ली, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

साइबर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और स्पेसवार शुरू हो चुके हैं। लेबनान में पेजर, वॉकी-टॉकी के बाद अब सोलर सिस्टम में धमाके हुए हैं। पिछले 2 दिन में धमाकों के तीन पैटर्न में 32 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3500 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस ऑपरेशन को बनाने में एक साल से ज़्यादा का समय लगा। जिन पेजरों में विस्फोट हुआ, वे नए थे और उन्हें हाल के महीनों में हिज़्बुल्लाह ने खरीदा था। ताइवान के निर्माता का कहना है कि कंपनी के लोगो वाले पेजर एक यूरोपीय वितरक द्वारा बनाए गए थे।सुरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यह लड़ाई के नए तरीके की शुरुआत है। जहां युद्ध सिर्फ जमीन, समंदर और हवा में नहीं लड़े जाएंगे बल्कि युद्ध साइबर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम और स्पेस वार के रूप में होंगे, जिसके लिए सभी को पुख्ता तैयारी करनी होगी।

रिपोर्ट्स के अनुसार लेबनान में विस्फोट के लिए इजराइल ने एक यूनिट बनाई थी, जिसने लंबे समय तक हमले के विभिन्न तरीकों और प्रारूपों की तैयारी की थी। इजराइल की सबसे गुप्त और मुस्तैद सैन्य इकाइयों में से एक यूनिट 8200 ने हाई-प्रोफाइल खुफिया अभियानों और साइबर युद्ध में अपनी भागीदारी से दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) की यह यूनिट मॉडर्न वारफेयर के साथ परंपरागत युद्ध के तरीकों में भी माहिर है। यह स्पेशल यूनिट तकनीकी युद्ध, खुफिया जानकारी जुटाने और साइबर रक्षा के क्षेत्र में अत्याधुनिक तरीके से काम करती है। इजराइल में सबसे बेहतरीन और प्रतिभाशाली कर्मियों की भर्ती के लिए जानी जाने वाली यूनिट 8200, लीक से हटकर सोचने, तकनीकी विशेषज्ञता और इनोवेशन पर जोर देती है। यह यूनिट युवा सैनिकों को हैकिंग, एन्क्रिप्शन और निगरानी सहित जटिल खुफिया कार्यों को संभालने के लिए प्रशिक्षित करती है। एक्सपर्ट मानते हैं कि इस प्रकार का ऑपरेशन खुफिया हलकों में आम बात है और इसके लिए विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल संगठनों से सहयोग की आवश्यकता होती है। साइबर दुनिया में किल स्विच विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस विधि में एक सॉफ़्टवेयर को एक विशिष्ट समय पर या बीपर को भेजे गए किसी विशेष संदेश के जवाब में डिवाइस को विस्फोट करने के लिए डिज़ाइन किया गया। डाटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सीईओ विनायक गोडसे कहते हैं कि शारीरिक क्षति पहुंचाने के लिए पेजर डिवाइस का उपयोग करने का तरीका पहली बार 1990 के दशक में देखा गया था।

लेबनान का पेजर डिवाइस हमला प्रथम दृष्ट्या रिमोट से किया गया विस्फोट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, इसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, हो सकता है कि पेजर को डिलीवर करने से पहले उसके साथ छेड़छाड़ की गई हो। बैटरी की ज्वलनशीलता भी इस बात का संदेह पैदा करती है कि इस तकनीक का प्रयोग किया गया हो जो बैटरी को सीधे प्रभावित करती हो। गोडसे कहते हैं कि सुरक्षा की दृष्टि से देखें तो यह अपने आप में अनूठा तरीका है जिसमें डिजिटल तरीके से हमले की तथाकथित बात कही जा रही है। इसने लोगों के डिजिटल डिवाइस के प्रति भरोसे को थोड़ा कमजोर किया है।

# UPPCL ने लोगों के हित में लिया बड़ा फैसला, 250 मीटर तक के दायरे में बिजली कनेक्शन के लिए शुरू होगी ये नई व्यवस्था

**लखनऊ, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

अगर आपके परिसर के आसपास 250 मीटर के दायरे में कोई बिजली का पोल नहीं है तब भी आपको कनेक्शन के लिए अब भागदौड़ नहीं करनी होगी।




पावर कारपोरेशन प्रबंधन पोल से 250 मीटर तक की दूरी के लिए एस्टीमेट बनवाने के झंझट को खत्म कर रहा है। ऐसे में घर बैठे ऑनलाइन आवेदन संग तय धनराशि जमा करने पर आपको कनेक्शन मिल जाएगा। दरअसल, अभी पोल से 40 मीटर तक की दूरी के कनेक्शन के मामले मे ही एस्टीमेट बनवाने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके लिए तय धनराशि जमा करने पर कनेक्शन मिल जाता है लेकिन 40 मीटर से दूर वाले कनेक्शन के लिए एस्टीमेट बनवाना पड़ता है। कई बार मनमाने तौर पर एस्टीमेट बनाकर कनेक्शन चाहने वाले का उत्पीड़न किया जाता है। ऐसे में अब कारपोरेशन प्रबंधन ने पोल से 250 मीटर तक की दूरी में 150 किलोवाट के कनेक्शन के लिए एस्टीमेट बनाने का झंझट ही खत्म करने का निर्णय किया है। इस संबंध में विद्युत नियामक आयोग को भेजे गए प्रस्ताव को हरी झंडी मिलते ही बिजली कंपनियां उसे लागू कर देंगी।

प्रस्तावित व्यवस्था में 40 मीटर तक के दायरे में कनेक्शन चाहने वालों का खर्चा जरूर लगभग दो गुना तक बढ़ रहा है, लेकिन उससे अधिक दूरी के कनेक्शन के मामले में खर्चा घटेगा। मसलन, दो किलोवाट के 100 मीटर तक के घरेलू कनेक्शन के लिये अभी 21,422 रुपये जमा करने पड़ते हैं लेकिन प्रस्तावित व्यवस्था के लागू होने पर सिर्फ 2522 रुपये ही जमा करने होंगे। इसी तरह पांच से 10 किलोवाट के कनेक्शन के लिए लाइन चार्ज 39,157 से 2,08,657 के बजाय 14,957 से 24,957 रुपये ही देना होगा। ऐसे में 1,83,700 रुपये तक की बचत होगी। कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल का कहना है कि 40 मीटर से ज्यादा दूरी के कनेक्शनों के मामले में ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि एस्टीमेट के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था में किसी तरह के उत्पीड़न की कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी।

# यूपी से बंगाल तक झमाझम बारिश, ओडिशा में बाढ़ से डूबे सैकड़ों गांव

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर समेत यूपी और बिहार के साथ अन्य राज्यों में बारिश के कारण मौसम का मिजाज बदल गया। कहीं मौसम सुहावना हुआ तो कहीं मौसम की मार से जीनव अस्त व्यस्त हो गया। उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में मानसून फिर से सक्रिय हुआ और तबाही मचा दी। वहीं, राजस्थान, पश्चिमी यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश समेत कई जगहों पर बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी यूपी बिहार और दिल्ली समेत कई राज्यों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने यूपी बिहार और बंगाल समेत कई राज्यों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बरसात से मौसम सुहाना बना हुआ है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 21.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 14 वर्षों में इस माह का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के पिछले 14 सालों के आंकड़ों को देखें तो गुरुवार का न्यूनतम तापमान 13 सितंबर को दर्ज किए गए 21.4 डिग्री सेल्सियस के पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर गया। पश्चिम बंगाल में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और नदियों के आसपास के गांव डूब गए हैं।

# ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीशों पर हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा- कई मामलों में कार्रवाई से बचने को आरोपित ठहराए जाते हैं दोषी

**प्रयागराज, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि कई मामलों में ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश ऐसे आरोपियों को दोषी ठहराते हैं, जिन्हें बरी किया जाना चाहिए। लगता है वह ऐसा केवल हाई कोर्ट की कार्रवाई से बचने के लिए करते हैं। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दहेज हत्या मामले में अलीगढ़ की सत्र अदालत के 2010 के फैसले के खिलाफ वीरेंद्र सिंह व अन्य की आपराधिक अपीलों की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है। निचली अदालत ने आरोपियों को दहेज हत्या सहित प्रमुख आरोपों से बरी कर दिया था और उन्हें केवल आपराधिक धमकी के लिए दोषी ठहराया था।अपील पर निर्णय करते हुए खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के निर्णय से सहमति जताने के साथ ही यह मानते हुए कि भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी- मृत्यु या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी) के तहत अभियुक्त को दोषी ठहराया जाना भी अनुचित था, खंडपीठ ने तत्कालीन सत्र न्यायाधीश को नोटिस जारी करने में जल्दबाजी के लिए हाई कोर्ट के एकल न्यायाधीश की आलोचना की।कहा, एकल न्यायाधीश ने न केवल सत्र न्यायाधीश को नोटिस जारी किया था, बल्कि यह भी निर्देश दिया था कि न्यायिक अधिकारी के जवाब की प्रतीक्षा किए बिना मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।



अदालत ने कहा, उच्च न्यायालय का ऐसा आचरण निचली अदालत में न्यायिक अधिकारियों के डर के लिए जिम्मेदार है। खंडपीठ ने अपने कार्यालय को तत्कालीन सत्र न्यायाधीश की खोज कर निर्णय की एक प्रति उन्हें भेजने का भी निर्देश दिया, ताकि उन्हें पता चले कि उन्होंने मामले का निर्णय करने में कोई त्रुटि (धारा 506 के तहत दोषसिद्धि को छोड़कर) नहीं की है। मामला 2006 का है।

कुमारी भूमिका नामक विवाहिता की आरोपित मनोज से शादी के सात साल के भीतर ही मृत्यु हो गई। ससुराल वालों ने कहा कि मौत घर की छत से गिरकर हुई थी, लेकिन पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसके बाद दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया। ट्रायल कोर्ट से आरोपितों को मुख्य आरोप से बरी किए जाने के बाद राज्य ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आरोपितों ने भी आइपीसी की धारा 506 के तहत मिली सजा को चुनौती दी।खंडपीठ का कहना है कि यदि किसी महिला की मृत्यु विवाह के सात वर्ष के भीतर असामान्य परिस्थितियों में हो जाती है तो न्यायालय केवल दोषसिद्धि और सजा का आदेश पारित नहीं कर सकता। मेडिकल साक्ष्य से स्पष्ट है कि मृतका को सिर में गंभीर चोट लगी थी, क्योंकि वह फोन पर बात करते समय दुर्घटनावश लगभग 22 फीट की ऊंचाई से गिर गई थी।

# क्या कांग्रेस-NCP का गठबंधन पाकिस्तान ने करवाया है पाक रक्षा मंत्री के बयान पर फूटा सीएम मोहन यादव का गुस्सा

**नईदिल्ली, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन की मुसीबत काफी बढ़ चुकी है। इस गठबंधन के लिए मुसीबत पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने बढ़ा दी है। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आर्टिकल 370 और 35 ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के समर्थन की बात कही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के रक्षा मंत्री के बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन को आड़े हाथों लिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री द्वारा धारा 370 के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद कांग्रेस को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।उन्होंने पूछा, क्या कांग्रेस पाकिस्तान के एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सीधे सवाल किया कि इस मुद्दे पर उनकी पार्टी का रुख क्या है।सीएम ने आगे सवाल किया कि क्या कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन पाकिस्तान ने करवाया है। उन्होंने कहा कि इस पर कांग्रेस को देश के सामने आकर स्थिति साफ करनी चाहिए। यह एक बेहद गंभीर मामला है, और यदि कांग्रेस पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ा रही है तो यह देश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी।बता दें कि ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की बहाली पर पाकिस्तान, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के साथ है।



कुछ दिनों पहले पाकिस्तान के जियो न्यूज पर हामिद मीर की कैपिटल टॉक पर पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पहुंचे थे। जहां यह पूछे जाने पर कि क्या जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली पर पाकिस्तान और नेशनल कांफ्रेंस -कांग्रेस गठबंधन एकमत हैं। उन्होंने कहा कि बिल्कुल, यहां तक कि हमारी मांग भी यही है। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन के अनुच्छेद 370 और 35ए को बहाल करने के मुद्दे पर पाकिस्तान उनके साथ है।

# योगी सरकार ने औद्योगिक विकास विभाग के पांच अधिकारियों को किया सस्पेंड

**लखनऊ, 20 सितम्बर [एजेंसी]।**



औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में कई स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी पिछले कई वर्षों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यूपीसीडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जमे पांच अधिकारियों को शासन ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। इनमें कैलाशनाथ श्रीवास्तव सहायक महाप्रबंधक यूपीसीडा, आरके शर्मा प्रबंधक सिविल नोएडा, राम आसरे गौतम वरिष्ठ प्रबंधक सिविल ग्रेटर नोएडा, गुरविंदर सिंह वरिष्ठ प्रबंधक ग्रेटर नोएडा और राजेंद्र भाटी उप महाप्रबंधक सिविल यीडा शामिल हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है।

ये अधिकारी व कर्मचारी कई स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद भी पिछले 25-30 वर्षों से जमे हुए थे। वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई कार्मिकों का स्थानांतरण किया गया था, लेकिन संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अपने करीबी कार्मिकों को कार्यमुक्त न करके उन्हें अपने पास ही रखा गया। शासन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कई बार पत्र भेजा गया, जिसे गंभीरता से नहीं लिया गया।

# सिर्फ एक चट्टान को काटकर बनाया गया था ये मंदिर



हिमालय प्रदेश में कई प्राचीन मंदिर हैं। यहां स्थित मसरूर रॉक कट टेंपल को पहाड़ के एक पत्थर को तराश कर बनाया गया है। जिसे देखने के बाद आप सोच में पड़ जाएंगे कि पुराने समय में बिना टेक्नोलॉजी के इस मंदिर का निर्माण कैसे किया गया था।

हिमालय प्रदेश हरियाली और बर्फ के पहाड़ों से ढका बेहद खूबसूरत राज्य है। इस राज्य की खूबसूरती को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां पर कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका हिंदू धर्म में काफी मान्यताएं हैं। अगर आप भी मंदिर से जुड़े इतिहास को जानने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आज हम आपको मसरूर रॉक कट टेंपल के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि यह रहस्यों से भरा हिमाचल का एकलौता मंदिर है।

इस मंदिर की खासियत यह है कि इसको पहाड़ के एक पत्थर को तराश कर बनाया गया है। इस मंदिर को देखने के बाद आप सोच में पड़ जाएंगे कि पुराने समय में बिना टेक्नोलॉजी के इस मंदिर का निर्माण कैसे किया गया था। तो आइए जानते हैं इस मंदिर की खासियत के बारे में...

लेना पड़ता है टिकट

मसरूर रॉक कट टेंपल में दर्शन करने जाने के लिए आपको टिकट लेना होगा। आप चाहें तो ऑनलाइन टिकट भी ले सकते हैं या फिर यहां पहुंचने के बाद टिकट ले सकते है। इंडियन एडल्ट के लिए 20 रुपए टिकट है। समुद्र लेवल से लगभग 2535 फीट की हाइट पर यह मंदिर स्थित है।

बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 8वीं शताब्दी में किया गया था। वहीं आपको जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर को बनाने के लिए किसी मशीन का इस्तेमाल नहीं किया गया था।

मंदिर के सामने दिखेंगी खूबसूरत झीलें

मसरूर रॉक कट टेंपल दिलचस्प होने के साथ बेहद खूबसूरत है। इस मंदिर के सामने एक बेहद सुंदर झील है, जो यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। आप यहां पर मछलियों को दाना डाल सकते हैं। वहीं मंदिर से कुछ दूरी पर एक सुंदर व्यू पॉइंट है। जहां से आप प्रकृति का बेहद शानदार नजारा देखने को मिलेगा।

भूकंप से डैमेज हो गई थीं दीवारें

बता दें कि यह मंदिर आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अंदर आता है और इस मॉन्यूमेंट को टैग किया गया है। ऐसे में यहां आने के दौरान कूड़ा-कचरा न फैलाएं और न ही यहां की दीवारों को डैमेज करें। क्योंकि मंदिर में बनी चट्टान की दीवारें कहीं-कहीं डैमेज हुई हैं। साल 1905 में आए एक भयंकर भूकंप के कारण मंदिर की दीवारें डैमेज हो गई हैं। हालांकि भूकंप ने मंदिर को अधिक नुकसान नहीं पहुंचाया था। आज भी इस मंदिर में भगवान शिव और भगवान विष्णु की मूर्तियां सुरक्षित हैं।

पैसे चढ़ाने की नहीं है अनुमति

इस मंदिर में आपको राम जी, लक्ष्मण जी और सीता जी की मूर्तियां देखने को मिलेगी। क्लोज कल सर्वे ऑफ इंडिया तहत यह मंदिर आने के कारण यहां पर पैसे चढ़ाने की अनुमति नहीं है। आप मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर के आसपास घूम सकते हैं। मसरूर रॉक कट टेंपल में विष्णु, ब्रह्मा, दुर्गा, सूर्य और बहुत से भगवानों की खूबसूरत नक्काशियां देखने को मिलेगी।

मसरूर रॉक कट टेंपल

भारत के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मसरूर रॉक कट टेंपल स्थित है। आप यहां पर सड़क मार्ग, रेल मार्ग और हवाई मार्ग से पहुंच सकते हैं। यह मंदिर दिल्ली से करीब 460 किमी दूर है। वहीं धर्मशाला से करीब 45 किमी दूर है।

## मंदिर की दहलीज पर क्यों नहीं रखना चाहिए पैर



मंदिर की दहलीज और दरवाजा मुख्य ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। मंदिर दैवीय कंपन से आकर्षित वह जगह है, जहां स्वयं देवता निवास करते हैं। मंदिर में एक ऊर्जा क्षेत्र मंदिर की दहलीज तक फैला होता है।

हमारे देश में बहुत सारे मंदिर हैं, मंदिर का हर एक हिस्सा बेहद पवित्र माना जाता है। हालांकि मंदिर में प्रवेश करने के कुछ विशेष नियम होते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मंदिर में प्रवेश करने के इन नियमों का पालन करने और भगवान की पूजा करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मंदिर का एक अहम हिस्सा दहलीज होती है। दहलीज से अक्सर प्रवेश द्वार बनाया जाता है। विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं में यह प्रतीकात्मक महत्व रखती है।

मंदिर की दहलीज भीतर और बाहरी दुनिया के बीच सामंजस्य बनाने का प्रतिनिधित्व करती हैं। मंदिर का दहलीज एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अद्वितीय ऊर्जा होती है। इससे मंदिर के अंदर किसी भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। लेकिन मान्यता है कि मंदिर के अंदर प्रवेश करने के दौरान मंदिर की दहलीज पर पैर नहीं रखना चाहिए।

दहलीज होती है ऊर्जा का मुख्य क्षेत्र

ज्योतिषीय रूप से मानें, तो मंदिर की दहलीज और दरवाजा मुख्य ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। मंदिर दैवीय कंपन से आकर्षित वह जगह है, जहां स्वयं देवता निवास करते हैं। मंदिर में एक ऊर्जा क्षेत्र मंदिर की दहलीज तक फैला होता है। ऐसे में मंदिर के अंदर प्रवेश करने से हमारे मन में ऐसी ऊर्जा का संचार होता है, जो मन-मस्तिष्क के साथ शरीर को भी ऊर्जावान बनाता है।

मंदिर की पवित्रता के लिए दहलीज पर न रखें पैर-मंदिर एक ऐसी जगह है, जो दैवीय ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। हम आध्यात्मिक सांत्वना और आशीर्वाद के लिए मंदिर जाते हैं। मंदिर जाने से आध्यात्मिक अनुभव बढ़ता है। हालांकि मंदिर जाने से पहले शुद्धिकरण अनुष्ठान बेहद जरूरी होता है।

इसी वजह से जो भी भक्त मंदिर जाते हैं, वह पैरों को धोकर ही मंदिर में प्रवेश करते हैं। दहलीज पर पैर रखने से बाहर की गंदगी मंदिर में जा सकती है। मंदिर जैसे पवित्र स्थान की शुद्धता खराब हो सकती है।

ईश्वरीय क्षेत्र का सम्मान करना

मंदिर की दहलीज पर पैर रखना मंदिर के अंदर मौजूद दैवीय शक्तियों के अनादर के रूप में देखा जाता है। इस पवित्र जगह पर पैर न रखने से मंदिर की पवित्रता के प्रति श्रद्धा को प्रदर्शित करते हैं।

मंदिर की दहलीज पर पैर रखना ईश्वर की अनादर करने जैसा होता है। इसलिए भक्ति और सम्मान बनाए रखने के लिए मंदिर में प्रवेश करने के दौरान दहलीज पर पैर रखने से बचना चाहिए।

विनम्रता का प्रतीक-बता दें कि मंदिर की दहलीज पर पैर रखने से बचना विनम्रता और समर्पण का संकेत माना जाता है। मंदिर की पवित्रता इस बात का भी संकेत देती है कि मंदिर में प्रवेश करने के साथ ही आपने अपने मन के समस्त कुविचारों को बाहर छोड़ दिया है। आप साफ मन और शरीर के साथ मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। यह काम आध्यात्मिक संचार और आशीर्वाद के लिए बेहद जरूरी माना जाता है।

नकारात्मक शक्तियों को बाहर रखती है दहलीज-मान्यता है कि मंदिर की दहलीज बुरी और नकारात्मक शक्तियों को मंदिर से बाहर रखने का काम करती है। मंदिर की दहलीज को पवित्र माना जाता है और यह पॉजिटिव ऊर्जा का भी केंद्र माना जाता है। इसलिए मंदिर की दहलीज पर पैर न रखने की सलाह दी जाती है। जब आप मंदिर में प्रवेश करते हैं, तो बिना दहलीज पर पैर रखे इसे पार करने पर स्थानीय संस्कृति का सम्मान दिखाते हैं। वहीं यहां पर बैठने की भी मनाही होती है। जिससे कि इस स्थान की पवित्रता बनी रहती है।



## जीभ से कैसे पता चलती है बीमारी, आप भी शीशे में देखकर लगा सकते हैं पता

बीमारी होने पर जब आप डॉक्टर को दिखाने जाते हैं तो वो सबसे पहले आपकी जीभ देखते हैं. क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा डॉक्टर जीभ क्यों देखा करते हैं. दरअसर, हमारी जीभ कई बीमारियों को पहले ही बता देती है. आप खुद भी जीभ में होने वाले बदलावों को देखकर पता कर सकते हैं कि आपको कोई बीमारी तो नहीं होने वाली है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जीभ किसी बीमारी का संकेत दे रहा है तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार यह गंभीर भी हो सकता है.  जीभ पर सफेद छाले होना बताता है कि पेट में गड़बड़ी है. पाचन में दिक्कत होने के बाद कई बार जीभ पर लाल या सफेद छाले हो जाते हैं. इसका इलाज तुरंत कराना चाहिए, इसे कभी भी इग्नोर नहीं करना चाहिए. अगर जीभ पर सफेद रंग की हल्की सी कोटिंग है तो इसका मतलब आप हेल्दी हैं लेकिन अगर यही कोटिंग पीले रंग की है तो सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि पीले रंग की हल्की मोटी कोटिंग यीस्ट इंफेक्शन की तरफ इशारा करती है. अगर जीभ का रंग गाढ़ा लाल है या वह काफी मुलायम महसूस हो रही है तो इसका मतलब है कि शरीर में विटामिन बी12 और आयरन की कमी है. इसकी जानकारी डॉक्टर के पास जाकर लेनी चाहिए.जीभ का गहरा लाल होना इंफेक्शन का लक्षण हो सकता है. कई बार कावासाकी बीमारी या लाल बुखार की वजह से भी ऐसा हो सकता. अगर यह हल्की सफेद नजर आए तो एनीमिया का संकेत हो सकता है. तंबाकू, सुपाड़ी खाने वालों की जीभ पर सफेद स्पॉट पड़ जाते हैं. कई बार ज्यादा तला भुना खाने से एसिड की मात्रा बढ़ जाती है और ऐसा हो सकता है. अगर एक दो हफ्ते बाद भी यह खत्म न हो तो तुरंत डॉक्टर से जाकर मिलना चाहिए. जीभ का ऊपरी हिस्सा हल्का खुरदुरा होता है. अगर यह अचानक से चिकना हो जाए तो विटामिन की कमी के लक्षण हो सकते हैं. शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से भी ऐसा हो सकता है.

## अविका गौर बैकलैस गाउन पहन गिराई बिजली




टीवी के फेमस शो बालिका वधू में छोटी सी आनंदी का किरदार निभाकर एक्ट्रेस अविका गौर ने हर भारतीय घर में अपनी एक अलग पहचान बना ली थी।

एक्ट्रेस लंबे समय तक शो का हिस्सा रहीं और लोगों को उनकी एक्टिंग खूब पसंद आई थी। इसके बाद अविका को टीवी सीरियल ससुराल सिमर का में रोली के किरदार में देखा गया था।

बालिका वधू फेम एक्ट्रेस अविका गौर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं. एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बैकलैस गाउन पहना हुआ है और उनका लुक काफी बोल्ड है. अविका गौर की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है. फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कुछ यूजर्स ने तो यह तक कह दिया कि अविका गौर की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. बता दें कि अविका गौर ने अपने करियर की शुरुआत बालिका वधू सीरियल से की थी. इस सीरियल में उन्होंने एक बाल विवाह की शिकार लड़की का किरदार निभाया था. इस सीरियल के बाद अविका गौर कई और टीवी सीरियल्स और फिल्मों में नजर आ चुकी हैं.

## टूथब्रश से भी बीमार पड़ सकते हैं आप जान लीजिए कैसे रख सकते हैं इसे साफ



आपका टूथब्रथ भी आपको बीमार बना सकता है. दरअसल, जिस टूथब्रश से हम अपने दांतों को साफ करते हैं. जब उसका इस्तेमाल कई-कई महीनों तक करते हैं तो वह नुकसानदायक बन जाता है. इस टूथब्रश पर 1.2 मिलियन से ज्यादा बैक्टीरिया मौजूद हो सकते हैं.

रिपोर्ट में बताया गया कि, करीब 70 प्रतिशत टूथब्रश पर ये बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो सेहत को नुकसान और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा पैदा कर सकते हैं, इसलिए टूथब्रश को ठीक से स्टोर और उसकी साफ-सफाई सही तरीके से करनी चाहिए.

एक रिसर्च के मुताबिक, टूथब्रश में एस्चेरिचिया कोली अर्थात ई.कोली बैक्टीरिया हो सकते हैं, जिससे उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इससे स्टेफिलोकोसी बैक्टीरिया का जोखिम भी हो सकता है, जो स्किन इंफेक्शन का कारण बन सकता है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, टूथब्रश को हर तीन महीने में बदल लेना चाहिए. इतने समय में उसके ब्रिसल्स खराब या उसके आकार में बदलाव आ सकते हैं. इसी समय बैक्टीरिया (क्रुष्ह्लद्गह्लद्बड्ड) टूथब्रश के ब्रिसल्स में आ सकते हैं. अगर आप किसी बीमारी से ठीक हुए हैं तो तुरंत अपना ब्रथ बदल लेना चाहिए.

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि जाइंट फैमिली में जब ज्यादा लोग एक ही बाथरूम यूज करते हैं तो कुछ लोग अक्सर फ्लश का ढक्कन बंद किए बिना ही फ्लश चला देते हैं. ऐसे में फ्लश के गंदे पानी की बूंदें बाथरूम में मौजूद हवा में घुल जाती हैं. इन बूंदों में मौजूद बैक्टीरिया बाथरूम में मौजूद टूथब्रश को संक्रमित कर सकती हैं. जिससे आप गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं.

टूथब्रश को बैक्टीरिया से कैसे बचाएं

हर तीन महीने में टूथब्रथ बदल लें.

ब्रश करने से पहले और बाद में हाथों को अच्छी तरह धोएं.

ब्रिसल्स खराब होने के बाद टूथब्रथ का इस्तेमाल न करें.

ब्रश को शौचालय से दूर रखें.

टूथब्रश को बेड-सोफे पर न रखें.

अपने ब्रश को किसी और के टूथब्रश के साथ न रखें.

ट्रैवल के दौरान ब्रश कवर करके ही रखें.

परिवार में कोई बीमार है तो उसका टूथब्रथ अलग रखें.

टूथब्रश को कैसे साफ करें

1. टूथब्रश को नियमित साफ करना चाहिए, क्योंकि उसके ब्रिसल्स में गंदगी छिपी रहती है.

2. टूथब्रश को इस्तेमाल करने से पहले और बाद में नॉर्मल या गुनगुने पानी से अच्छी तरह धोएं.


3. टूथब्रश से बैक्टीरिया का सफाया करने के लिए एल्कोहल युक्त माउथवॉश या सिरका से साफ कर सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य -183

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलबात 13. श्रद्धा, रुची, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| आ | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ | | र | श्मि |
| ख | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | खे | स | हा | रा | | ग | म |
| ख | गु | ला | | रा | जा | दू | त | |



## एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा की नहीं पता किसी को रियल एज, कम उम्र में ही बना ही करोड़ों की प्रॉपर्टी

एक्ट्रेस और इंफ्लुएंसर रीवा अरोड़ा फिल्म उरी और छत्रीवाली के लिए जानी जाती हैं. उन्होंने बहुत कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था और खूब नेम-फेम कमाया. वो सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर्स में से एक हैं. हालांकि, रीवा अपनी एज को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी में रहती हैं.

रीवा की फैमिली के हिसाब से वो 17 साल की हैं और उनका जन्म 2007 में हुआ है. हालांकि, कुछ फैंस ने रीवा के चार साल पुराने इंटरव्यू को प्वॉइंटआउट किया, जिसमें वो अपनी उम्र 9 साल बता रही हैं.

रीवा की उम्र को लेकर उन्होंने कहा था- मैं इसे लेकर क्या कहूं? जो लोग मेरी उम्र और जो मैं कर रही हूं उसे लेकर शक कर रहे हैं उनके लिए मेरे पास कुछ कहने के लिए नहीं है. जो लोग मुझे प्यार देते हैं वो मेरे लिए काफी हैं. बता दें कि 2022 में रीवा की एक्टर करण कुंद्रा संग रोमांस करते हुए एक रील्स वायरल हुई थी, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था. करण कुंद्रा को चाइल्ड एक्टर संग म्यूजिक वीडियो में रोमांस करने की वजह से ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी.

रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस की नेटवर्थ तकरीबन 8.2 करोड़ है. रीवा अरोड़ा लग्जरी लाइफ स्टाइल मेंटेन करती हैं. उन्हें लग्जरी गाड़ियों का शौक है. रीवा के पास 40 लाख की ऑडी है.

बता दें कि रीवा ने 2019 में फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक से डेब्यू किा था. इस फिल्म में उनकी काफी तारीफ हुई थी. उनकी एक्टिंग को क्रिटिक्स ने भी सराहा था. वर्क फ्रंट पर ने फिल्म भारत, सेक्शन 375, गुंजन सक्सेना द करगिल गर्ल, बंदिश बैंडिट्स, टीवीएफ ट्रिपलिंग जैसे प्रोजेक्ट किए हैं.

# सीएएफ जवान ने साथियों पर चलाई गोली, दो की मौत

## भुताही सीएएफकैंप में जवान ने चलाई गोली, एक घायल अंबिकापुर रेफर

**बलरामपुर।** जिले के सामरी थाना अंतर्गत भुताही कैंप में गुरूवार को सीएएफ के जवान ने साथी जवानों पर सर्विस इंसास रायफल से अधाधुंध गोली चला दी। गोली लगने से दो जवानों की मौत हो गई एवं एक अन्य जवान घायल हो गया। घायल जवान को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल किया गया है। घटना सामरी थानाक्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के झारखंड से लगे सरहदी क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सीएएफ का कैंप ग्राम भुताही में बनाया गया है जहां सीएएफ की 11 वीं बटालियन तैनात है। गुरूवार सुबह करीब 11.30 बजे सीएएफ जवान अजय सिदार ने अपने साथियों पर इंसास सर्विस रायफल से अधाधुंध गोलियां चला दीं। गोलियां चलने की आवाज सुनकर भागकर मौके पर पहुंचे जवानों ने अजय सिदार को पकड़कर काबू में किया। गोली लगने से सीएएफ जवान रूपेश पटेल की मौके पर मौत हो गई। वहीं संदीप पांडेय एवं गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए कुसमी लाया जा रहा था। रास्ते में संदीप पांडेय ने भी दम तोड़ दिया। घायल गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला को दोनों पैरों में गोली लगी है। घटना में गंभीर रूप से घायल अंबुज शुक्ला को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। एक अन्य सीएएफ जवान राहुल बघेल को भी गोली छूती हुई निकल गई है। राहुल बघेल ने ही गोली चलाने वाले पर काबू किया। वह मामूली घायल हुआ है। उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

मामले की प्रारंभिक जांच में पता चला कि गोली चलाने वाला जवान अजय सिदार सीएएफ कैंप में खाना खाने बैठा था। उसने खाना परोसने वाले जवान से मिर्च मांगी। उसने मिर्च देने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों में कहा-सुनी हो गई। गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला ने मिर्च नहीं देने वाले जवान का सपोर्ट किया जिसे लेकर उनके बीच विवाद हो गया और आक्रोशित होकर अजय सिदार खाना छोड़कर उठा एवं उसने अपनी इंसास रायफल उठा ली एवं रूपेश पटेल पर गोलियां दाग दी। उसने अंबुज शुक्ला के पैरों में गोलियां मार दीं। इस दौरान एक राहुल बघेल ने अजय सिदार को पकड़कर काबू में किया। मामले के संबंध में बलरामपुर एएसपी शैलेश पांडेय (नक्सल ऑपरेशन) ने बताया कि गोली लगने से एक जवान की मौके पर मौत हो गई। एक जवान शॉक लगने से गिर गया, उसे कुसमी लाया जा रहा था, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। वहीं कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डा. सतीश पैकरा के अनुसार मृतक जवान संदीप पांडेय के शरीर में गोलियों के निशान नहीं मिले हैं। जांच के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में कोताही बर्दाश्त नहीं: त्रिपाठी

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यक्रमों के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाए। साथ ही, काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को तत्काल नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विशेष रूप से मातृ वंदना योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को समय पर लाभान्वित किया जाए। श्रीमती त्रिपाठी ने आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि जरूरतमंद व बीमार लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बहुत ही उपयोगी है, ऐसे में जिले के सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड समय पर बने यह सुनिश्चित करें, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्ड बनाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही, उन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने भी बैठक में भाग लिया और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सिविल सर्जन, अस्पताल सलाहकार और स्वास्थ्य विभाग के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराएं:कलेक्टर

**कोरिया।** जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति एवं पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।




बैठक में कलेक्टर ने आगामी 25 सितम्बर को आयोजित होने वाले क्रेडिट केम्प की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बैंकों के माध्यम से संचालित विभिन्न शासकीय ऋण योजनाओं की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें प्रगति लाने हेतु जोर देते हुए बैंकों को निर्देश दिए कि वे किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराएं। बैठक में प्रमुख रूप से पीएम स्वनिधि, स्टैंड अप इण्डिया, स्व सहायता समूह, मुद्रा ऋण, पशुपालन केसीसी, सहित अन्य शासन द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत दिए जाने वाले स्वरोजगार ऋणों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक अधिकारियों को भी ऋण प्रकरण निर्धारित समय सीमा निपटारा करने तथा अपने लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा स्वयं सहायता समूह ऋण एवं लखपति दीदी योजनांतर्गत मुद्रा ऋण के प्रकरण तय समयसीमा मे निराकरण करने निर्देष तथा जिले का ऋण जमा अनुपात बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री प्रमोद कुमार द्वारा विभिन्न बैंकों के कार्य निष्पादन तथा अपने-अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता में काफी सुधार हुआ है और अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधकों के साथ टीम वर्क से कार्य करते हुए आगामी बैठक से पूर्व और भी बेहतर परिणाम देने की अपील की गई। बैठक में रिजर्व बैंक के एल.डी.ओ. नाबार्ड के डी.डी.एम, एवं विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक, महाप्रबंधक उद्योग, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशुपालन, कार्यपालन अधिकारी अंत्यव्यवसायी, सहायक संचालक उद्यान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## निकाय अंतर्गत स्कूलों मे इंटर स्कूल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**एमसीबी।** जिले के नगर पंचायत नई लेदरी में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत बुधवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत दूसरे दिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला समन्वयक निशा महिलांगे ने बताया की इसके तहत नगर पंचायत नई लेदरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष राष्ट्रव्यापी अभियान स्वच्छता ही सेवा- 2024 पीएम मोदी के जन्मदिन से 2 अक्बतूर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ मनाया जा रहा है। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत नई लेदरी की अध्यक्ष सरोज यादव ने बताया कि यह थीम स्वच्छता को दैनिक जीवन और संस्कृति के हिस्से के रूप में अपनाकर संशोधित दृष्टिकोण के साथ व्यवहार परिवर्तन की ओर बढ़ने के परिप्रेक्ष्य में बदलाव का संकेत देती है। श्रीमती यादव ने बताया कि 17 से 30 सितंबर तक निकायों में वृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा। 18 से 25 सितंबर तक स्कूलों में कला-निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे जबकि 21 से 29 सितंबर तक निकायों में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 30 सितंबर को निकायों की ओर से पर्यावरण मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा एक और दो अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इंजीनियर अजय पैंकरा ने बताया की नगर पंचायत नई लेदरी में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत् इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## संपूर्णता अभियान के तहत प्रतापपुर के एनआरसी केंद्र का किया गया भ्रमण

**सूरजपुर।** संपूर्णता अभियान के तहत आंकाक्षी ब्लॉक प्रतापपुर में एबीएफ विनोद प्रजापति के द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान एनआरसी केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जायजा लिया गया। जहां एबीएफ द्वारा सलाह दिया गया कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए और सभी बच्चों को उनके रूटीन चार्ट के अनुसार भोजन दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही गंभीर कुपोषित बच्चों की वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया जिसमें बच्चों की वजन में वृद्धि हुई है। केंद्र में बच्चों के माताओं को पोषण और चिकित्सा से संबंधित के बारे में बताया गया व समय पर बच्चों को पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। बच्चों के माताओं का काउसिलिग कर यह बताया गया कि बच्चों को खाना खिलाते समय साबुन से हाथ धोना चाहिए। एनआरसी से छुट्टी होने के पश्चात छोटे बच्चों को घर में हल्का भोजन देने को कहा जिससे बच्चे खा सके।

## पोषण माहः जिला अस्पताल में नुक्कड़ के माध्यम से दी गई पोषण आहार के सम्बंध में जानकारी

**कोरिया।** पोषण माह के तहत कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार आज जिला अस्पताल, बैकुंठपुर में नर्सिंग छात्राओं ने नुक्कड़ के माध्यम से पोषण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी ''राष्ट्रीय पोषण माह'' का अयोजन जिले में 1 से 30 सितम्बर 2024 तक किया जा रहा है जिसके तहत एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने पोषण माह के प्रभावी, सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मण्डली,



नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल कैडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी के साथ किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला अस्पताल में राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के बारे में शिशुवती, गर्भवती महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।





## स्वच्छता ही सेवा-2024: अभियान के तहत कोरिया जिले के स्कूलों में विशेष आयोजन

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, डॉ. आशुतोष चर्तुवेदी के मार्गदर्शन में ''स्वच्छता ही सेवा-2024'' अभियान के तहत कोरिया जिले के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया और प्लास्टिक मुक्त कोरिया का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वच्छता शपथ ली और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रण लिया। उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, गंदगी न फैलाने और हर साल 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने का भी संकल्प किया। यह पहल कोरिया जिले को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अभियान में शिक्षकों, पालकों, जनप्रतिनिधियों और अन्य समुदाय सदस्यों ने भी श्रमदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय भवनों से पुरानी और अनावश्यक वस्तुएं हटाई गईं और पूरे परिसर को स्वच्छ बनाया गया। स्वच्छता के प्रति इस बढ़ते कदम कोरिया जिले को एक नई पहचान देने की ओर अग्रसर है। अभियान के दौरान बच्चों को स्वच्छता के मूल्यों को आत्मसात करने और जीवन में उतारने की प्रेरणा दी गई। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जो समाज को स्वस्थ और स्वच्छ बना सकता है।

## महाविद्यालय में सेमिनार का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनवायरनमेंट प्रॉब्लम एंड सॉल्यूशन विषय पर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. अजय सिंह नगपुरे, वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रिंसटन विश्वविद्यालय, प्रिंसटन, न्यू जर्सी अमेरिका द्वारा ''एयर पॉल्यूशन इन इंडिया एंड नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम'' तथा डॉ. मनोज कुमार झारिया, सहायक प्राध्यापक, फॉर्म फॉरेस्ट्री, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अंबिकापुर द्वारा ''एग्रोफोरेस्ट्री एवं एनवायरमेंटल क्वालिटी'' पर व्याख्यान दिया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर द्वारा प्रायोजित किया गया। डॉ अखिलेश त्रिपाठी साइंटिस्ट ए एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर सीकास्ट रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया। प्राचार्य महोदय डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम संचालित किया गया। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर टी.आर. राहंगडाले द्वारा कार्यक्रम की भूमिका एवं रूपरेखा का निर्धारण किया गया। महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि शिक्षकों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने नगर पालिका, नगर पंचायत आम निर्वाचन 2024 के लिए फोटो युक्त निर्वाचक नामावली निर्धारित कार्यक्रम अनुसार तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किया है। नगर पालिका परिषद सूरजपुर (वार्ड क्र. 01 से 18 तक) व नगर पंचायत विश्रामपुर (वार्ड क्र. 01 से 15 तक) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद सूरजपुर (वार्ड क्र. 01 से 09 तक) के लिए तहसीलदार सूरजपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पालिका परिषद सूरजपुर (वार्ड क्र. 10 से 18 तक) के लिए नायब तहसीलदार सूरजपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पंचायत विश्रामपुर (वार्ड क्र. 1 से 15 तक) नायब तहसीलदार पिलखा को नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत प्रतापपुर (वार्ड क्र. 01 से 15 तक), नगर पंचायत जरही (वार्ड क्र. 01 से 15 तक) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पंचायत प्रतापपुर (वार्ड क्र. 01 से 08 तक) के लिए तहसीलदार प्रतापपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत प्रतापपुर (वार्ड क्र. 09 से 15 तक) के लिए नायब तहसीलदार प्रतापपुर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पंचायत जरही (वार्ड क्र. 01 से 15 तक) के लिए नायब तहसीलदार जरही को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत भटगांव (वार्ड क्र. 01 से 15) के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भटगांव को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार भटगांव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आयुष विभाग द्वारा 62 मरीजों का किया गया निःशुल्क उपचार व दवा वितरण

**सूरजपुर।** संचालक आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार जिला जेल में प्रति माह दो दिवस कैदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है जिसके परिपालन में आज जिला जेल सूरजपुर में आयुष विभाग द्वारा 62 मरीजों का आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक पद्धति के द्वारा निःशुल्क उपचार वा दवा वितरण किया गया, जिसमें शुगर रोग, बीपी रोग, चर्म रोग उदार रोग ,वात रोग, पाइल्स इत्यादि जटिल बीमारियों का उपचार एवं सलाह दिया गया जिसमें डॉक्टर कुलदीप द्विवेदी, डॉक्टर दिवाकर सिंह, डॉक्टर अनीता पैकरा पर भूषण निषाद एवं जय एवं जेल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय प्रताप सिंह एवं जेल के स्टाफ जेल के स्टाफ उसका सक्रिय योगदान रहा।

## स्वच्छता दीदियों को किया गया सम्मानित

**सूरजपुर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 का भव्य शुभारंभ ऑडिटोरियम सूरजपुर (तिलस्वा) में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्वच्छता शपथ व स्वच्छता को लेकर संकल्प ( स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता ) के उद्बोधन के साथ-साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता दीदी सम्मान- सूरजपुर स्वच्छता दीदी संगठन, सफाई मित्र सम्मान- ड्रेनेज एवं सेफ्टी टैंक क्लीनिंग टीम, स्वच्छ ब्रांड एंबेसडर सम्मान- सुमन वर्मा (संचालक कस्तूरबा गांधी आवासीय कन्या विद्यालय), स्वच्छता चैंपियन पुरस्कार- मानव सेवा दल सूरजपुर को सम्मानित किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ट्रेनिंग प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्वच्छता रथ को हरी झंडी तथा ट्री प्लांटेशन ड्राइव पौधा रोपण आदि कार्यक्रम कराये गये।

## रामानुजनगर के सभी विद्यालयों में पालक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** विकासखंड रामानुजनगर के सभी विद्यालयों में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक पालक समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानपाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वही माध्यमिक शाला पतरापाली में भी शिक्षक पालक का आयोजन किया गया। जिसमे पालक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक जी डी सिंह के द्वारा सभी पालक/अभिभावको से निवेदन की गई है कि बैठको में ज्यादा से ज्यादा पालक उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें, प्रति महीने के दूसरे मंगलवार को बैठक आयोजित की जाएगी। शिक्षक योगेश साहू ने पालको को कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे, जो बच्चे विद्यालय नही जा रहे उनके कारणों को जानना, गृहकार्य पूर्ण कराने बच्चों पर ध्यान दें, जिन बच्चों का विद्यार्थी कोना नही बन पाया है उसे पूर्ण कराये जिससे उसे अध्ययन करने में दिक्कत न हो, बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु हमारे और आपके मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हो, हम सभी को सँयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना है। जाति, निवास, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृति इत्यादि पर चर्चा की गयी। प्रधानपाठक बी आर हितकर ने कहा कि इस पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पालकों में बच्चों एवं विद्यालय की सम्पूर्ण गतिविधि के संबंध में जागरूकता लाना है ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जा सके। कार्यक्रम में शिक्षक, पालक उपस्थित थे।

## इच्छुक संस्था/फार्म से आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा नषा पीड़ितो हेतु 15 बिस्तरों का एकीकृत पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु रूचि रखने वाले समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्थाएं जिसकी नामावाली में कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ उल्लेखित हो, उप संचालक समाज कल्याण कार्यालय कोरिया बैकुण्ठपुर के पते पर 15 दिवस के भीतर दोपहर 3:00 बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्था/फार्म कोरिया की वेबसाईड 222.ड्डशह्वद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर रूचि की अभिव्यक्ति पर आवेदन करने हेतु जानकारी देख सकते है या कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण मेकं उपस्थित होकर आवदेन व शर्तें प्राप्त कर सकते है।

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण 25 एवं 26 को

**कोरिया।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तरीय प्रशिक्षण हेतु 27 एवं 30 अगस्त 2024 तक विकासखण्ड स्तरीय कुशल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। कुशल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण उपरांत समस्त स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण 25 सितम्बर एवं सोनहत के स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण 26 सितम्बर को आयोजित किया गया है।

## प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 24 को

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा 24 सितंबर को प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेट लिमिटेड अंबिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा पदों की भर्ती किया जाना है। जिसके अंतर्गत बीमा अभिकर्ता के 50 पदों की भर्ती किया जाना है। जिसकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं 12वीं है, इच्छुक ऐसे आवेदक जो उपरोक्त योग्यता रखते हैं वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची निवास, जाति रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ पेन कार्ड, बैंक पास बुक, आदि की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो के साथ उक्त दिनांक को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

## ग्राम पंचायत चन्दननगर में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशानुसार एवं जनपद सीईओ के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत प्रेमनगर के ग्राम पंचायत चन्दननगर सप्ताहिक बाजार परिसर मे स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम' के तहत स्वच्छता अभियान, सामुहिक श्रम दान व एक पेड़ माँ के नाम के पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही रैली एवं स्वच्छता शपथ किया गया।

# रेल कॉरिडोर ने खड़ी की समस्या चक्काजाम कर जताया विरोध

**कोरबा।** ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर का काम जारी है लेकिन इसकी वजह से कई प्रकार की समस्याएं संबंधित क्षेत्र में उत्पन्न हो गई हैं। कोरबा जिले के पौड़ी उपरोड़ा सब डिवीजन की कई पंचायत के सरपंच सहित ग्रामीणों ने मिलकर इस मुद्दे को लेकर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते कटघोरा पेंड्रा रोड मार्ग पर यात्री गाड़ियों का परिवहन बाधित हो गया। लोग परेशान हुए।

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे जोन के अंतर्गत रेल कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। इस काम पर कई करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से कॉरिडोर निर्माण के लिए कामकाज जारी है। लेकिन दीपिका से लेकर कई क्षेत्रों में कॉरिडोर की वजह से पैदा हुई परेशानी को लेकर लोग आंदोलन कर रहे है। इसी कड़ी में आज कोरबा जिले के ग्राम बिंझरा में ग्रामीणों ने एक राजनीतिक दल की अगवाई में मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सैकड़ों की संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। बिंझरा, सिंघिया, कोटेश्वरनगोई, पचरा सहित आसपास की कई पंचायत के सरपंच और वहां के प्रभावित ग्रामीण इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कुल पांच मांगों को लेकर लोगों ने यह प्रदर्शन किया और इसके माध्यम से रेल प्रबंधन के साथ-साथ राज्य सरकार की आंख खोलने का काम किया।



### आरोप- पीएम सड़क को नुकसान पहुंचाया

प्रदर्शन करने वाले लोगों का आरोप है कि रेल कॉरिडोर का निर्माण करने के दौरान कई प्रकार से इस इलाके में सरकारी संपदा को नुकसान पहुंचाने का काम किया गया है। दो-तीन जगह पर रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क को तोड़ दिया गया है और उसे अब तक ठीक नहीं किया गया। बिंझरा से त्रिकुटी तक इस प्रकार की समस्या ज्यादा है। एक स्थान पर रेल अंडर ब्रिज बनाया गया है उसे भी ठीक करने की जरूरत है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ इलाकों में समस्याएं बहुत ज्यादा हैं जो बुनियादी सेक्टर से जुड़ी हुई है, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर उदासीनता बरतने का आरोप भी लगाया है।

लोगों का आरोप है कि इस इलाके में सैकड़ों लोगों की जमीन रेल कॉरिडोर की चपेट में आई है। यह जमीन उनके निजी प्रयोजन की है और अधिग्रहण होने से समस्याएं खड़ी हुई है। काफी समय बीतने के बाद भी इसका मुआवजा नहीं मिल सका है। बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद उनकी बात अनसुनी की जा रही है। ग्रामीणों ने इस बारे में पहले प्रशासन को अल्टीमेटम दिया। एसडीएम की उपस्थिति में बैठक हुई लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं आ सके। नाराज ग्रामीणों ने इसी बात को लेकर शुक्रवार को सुबह 11 बजे मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इसके कारण कोरबा और अन्य क्षेत्रों से होकर पेंड्रा रोड को जाने वाले यात्री व अन्य व्यावसायिक वाहन फंस गए। काफी देर तक लोगों को यहां पर परेशान होना पड़ा।

# लंबा इंतजार... फिर सुधरेंगी शहर की सड़कें

### आने जाने में जनता को हो रही मुश्किल

**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा में कई प्रमुख सड़क बदहाली का शिकार हैं। इसके लिए अलग-अलग कारणों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। नगर निगम ने कहां है कि सड़कों को सुधारने का काम जरूर किया जाएगा लेकिन बारिश के पूरी तरह से थमने के बाद।

मतलब बिल्कुल साफ है कि सड़कों को बेहतर स्थिति में देखने और राहत पाने के लिए क्षेत्र की जनता को अभी लंबा इंतजार करना ही होगा। नगर निगम कोरबा के महापौर राज किशोर प्रसाद ने बताया कि निश्चित रूप से यहां की सड़के समस्याग्रस्त हैं। इस वजह से लोगों को यहां से होकर आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यह बात हमारे संज्ञान में है और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बारिश की पूरी तरह से विदाई होने के बाद ही सड़कों को चलने के लायक बनाया जा सकेगा, इस प्रकार की हमारी योजना है।

कोरबा में सीएसईबी चौराहा से लेकर पावर हाउस रोड्स का सबसे बुरा हाल है। इससे कुछ कम दुर्गति जैन मंदिर बुधवारी तिराहा से ओपन थिएटर और कोसाबादी चौराहा की तरफ जाने वाली सड़क की है। डीएसपीएम चौराहा से कलेक्ट्रेट को जाने वाला रास्ता भी कई जगह पर बदहाली का शिकार है और लोग परेशानी को झेलने को मजबूर हैं।



इन सभी रास्तों पर न केवल गड्ढे हो चुके हैं बल्कि लगातार आवागमन के दबाव से उड़ने वाली डस्ट भी एक बड़ा खतरा बनी हुई है। इन सभी कारण से हादसे का डर बना हुआ है।

### अभिशप्त है कुसमुंडा मार्ग

कोरबा जिले में कोलफील्ड कुसमुंडा को जाने वाला फोरलेन रास्ता भी एक प्रकार से अभिशप्त हो चुका है जो लंबे समय से निर्माण की प्रक्रिया में ही बना हुआ है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड इस सड़क को बनाने के लिए कम्युनिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी मध्य से 200 करोड रुपए की राशि 5 वर्ष पहले जारी की थी। लोक निर्माण विभाग की देखरेख में इस काम को किया जा रहा है। लंबा समय गुजरने के बाद भी पूरा रास्ता नहीं बन सका है जबकि सर्वमंगलानगर और विकास नगर शिव मंदिर तिराहा के पास छोड़े गए पेंच को नहीं भरने के कारण कई प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही हैं।

### नवरात्र में होगी बड़ी मुश्किल

आश्विन नवरात्र पर्व के लिए एक पखवाड़ा का समय बाकी बचा है और इससे पहले शहर में सड़के बीमार हैं। विभिन्न स्थान पर होने वाले नवरात्र के आयोजन और उनमें लाखों की संख्या में हिंदू समुदाय की भागीदारी 9 दिनों तक होना है। लोगों की पहुंच मंदिर से लेकर दुर्गा प्रतिमा स्थल तक इन्हीं रास्तों से होकर सुनिश्चित होगी। ऐसे में देवी के भक्तों को गर्द गुबार झेलते हुए अपने आस्था केंद्र तक पहुंचना होगा। इस प्रकार की परेशानी से उन्हें मुक्त करने के लिए फिलहाल किसी प्रकार का विकल्प न प्रशासन के पास है ना निगम के पास।

## ट्रक से बैटरी की चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक से बैटरी की चोरी करने के मामले में कोरबा की मानिकपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । उसके दो साथी फरार हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

बताया गया कि इस सिलसिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की पंप हाउस कॉलोनी में रहने वाले लोचन केवट नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हाल में ही उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक ट्रक से बैटरी की चोरी की थी। बैटरी की कीमत हजारों में बताई गई है। आरोपियों ने इस घटना को मुदापार बायपास रोड स्थित जयसवाल पेट्रोल पंप के सामने अंजाम दिया था । चालक ने इस बारे में मानिकपुर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था और जांच पड़ताल की जा रही थी।

पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति के द्वारा चोरी की गई बैटरी को बेचने की कोशिश की जा रही है । इस इनपुट के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। उसने बताया कि उसके दो साथी भी घटना में भागीदार थे। उनकी तलाश का काम पुलिस ने जारी रखा है।

## लोमड़ी के हमले में महिला घायल

**कोरबा।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पुलालीकला निवासी कमला बाई अपने घर से खेत की ओर बकरियों को चराने दोपहर में गई थी। इस दौरान अचानक दो लोमड़ी ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। एक लोमड़ी ने महिला के दाएं हाथ को काट दिया जिससे महिला जख्मी हो गई। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर गांव पहुंची। ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। लोगों ने उसे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। ग्राम के वन समिति अध्यक्ष रविंद्र महन्त ने उक्त घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। विभाग के अधिकारी व कर्मी मौके पर पहुंचे। बताया गया कि लोमड़ी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इससे ग्रामीणों को दूर रहने की सलाह दी गई है।



## दादरखुर्द में कच्ची शराब के साथ धराया युवक



**कोरबा।** शराब की अवैध रुप से बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मानिकपुर चौकी की पुलिस ने ग्राम दादरखुर्द स्थित जनकपुरी मुहल्ला में छापामार कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,जिसके कब्जी से 6 लीटर कच्ची शराब की जप्ती बनाई गइ है। आरोपी का नाम गुरुवार सिंह है,जो पिछले लंबे समय से इस अवैध कारोबार में लिप्त था। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## चुनाव नजदीक, एसपी ने ली प्रभारियों की बैठक

**कोरबा।** नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव आगामी महीनों में होने हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रारंभिक तैयारी कराई जा रही है। चुनाव के मद्देनजर एसपी ने आज कार्यालय के सभागार में थाना और चौकी प्रभारियों की बैठक ली।

पूरा फोकस चुनाव पर ही था। बैठक में उपस्थित प्रभारियों को कहा गया कि अपने क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए आप सभी को विशेष भूमिका निभानी होगी। जिन चीजों से खतरा हो सकता है उन्हें ठीक किया जाए। अपने इलाके के सूचीबद्ध असामाजिक तत्वों की खबर लेने के साथ उन्हें नसीहत दें। गंभीर मामलों में नामजद अपराधियों की कुंडली बनाने के साथ जरूरी कार्य किया जाए। समय-समय पर इसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं।

## कई सोसायटी में राशन नहीं, उपभोक्ता लौटने को मजबूर

### क्या बेच खाया सामान, उठ रहे सवाल

**कोरबा।** लोगों को सस्ती दर पर राशन और अन्य सामान उपलब्ध कराने के लिए सरकार उचित मूल्य की दुकानें चला रही है। खबर यह है कि कोरबा शहरी क्षेत्र में संचालित कई सोसायटी में राशन नहीं है। इससे उपभोक्ता लौटने को मजबूर हैं।

सूत्रों का कहना है कि ऐसी समस्याग्रस्त दुकानों की संख्या काफी है, जहां पर सामान लेने के लिए जाने वाले उपभोक्ताओं को बैरंग लौटना पड़ रहा है। अलग-अलग इलाके से इस प्रकार की सूचना लगातार मिल रही है। पिछले दिनों कुछ सोसायटियों में सामान माइनस में होने का मामला सामने आया था। इस पर खाद्य विभाग को एफआईआर दर्ज कराने को कहा गया है। वैसे भी यह बात किसी से छिपी नहीं है कि शहर के अनेक पीडीएस दुकानों का काफी सामान आसपास के राइस मील और जनरल स्टोर्स में बड़ी आसानी से खप रहा है। शाम 7 बजे के बाद इस खेल की शुरुआत होती है।



**कोरबा।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत 19 सितंबर को ग्राम पंचायत बतारी के हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने हाथ को साबुन से धोते हुए कहा कि जीवन में सभी को स्वच्छता को आत्मसात करनी चाहिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता मुकेश कंवर व अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छताग्रही उपस्थित थे।




## 'मल्हार' से बालको ने कर्मियों की रचनात्मकता को पंख दिए

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व फोटोग्राफी के अवसर पर 'मल्हार 2.0' फोटो प्रदर्शनी व हिंदी दिवस का संयुक्त आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वेदांता समूह के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई तस्वीरों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में आये आगंतुकों ने मनमोहक फोटोग्राफी की सराहना की।

बालको टाउनशिप में आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला को 'मल्हार' नाम दिया गया। 'वाह क्या व्यू है' थीम के इर्द-गिर्द घूमती प्रदर्शनी में प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाने वाली मनमोहक चित्र प्रदर्शित की गईं। सभी कलात्मक छायाचित्र बालको के साथ-साथ वेदांता समूह के विभिन्न यूनिट के कर्मचारियों द्वारा खींचे गए थे। कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा स्कूल के छात्रों सहित आगंतुकों के लिए खुली यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय आनंददायक अनुभव रहा।




दो दिवसीय मल्हार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कंपनी ने स्थानीय छात्रों के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी में स्वरचित काव्य लेखन एवं काव्य पाठ आयोजित किया। कार्यक्रम में 10वीं, 11वीं और 12वीं के लगभग 80 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने बहुत ही उत्साह एवं उमंग के साथ देशभक्ति, सामाजिक एवं मार्मिक कविता से श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ी। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में काव्य पाठ करने के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में 'सेल्फी कॉर्नर' के साथ-साथ बच्चों के लिए 'किड्स कॉर्नर' बनाया गया था जिसमें बच्चों के लिए स्केच बनाने तथा बनी हुई आकृति में रंग भरने की व्यवस्था थी। बालको कर्मचारियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे दर्शकों को ध्यान में रखते हुए फ़ॉन्ट चुनाव, उपयोगी बुलेट पॉइंट, रंगों का प्रयोग, प्रभावशाली चित्रों एवं चार्ट और ग्राफ़ का प्रयोग करना चाहिए।

मल्हार कार्यक्रम की सराहना करते हुए बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी तकनीकी प्रगति को समृद्धि प्रदान करने तथा नवाचार करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे संगठन के भीतर कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत तथा उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। बच्चों की कविता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सामंजस्यपूर्ण समाज की साहित्यिक नींव को आकार देने में आने वाली युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। हिंदी भाषा को बढ़ावा देना हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोये रखने का प्रयास है जो एक बेहतर और समावेशी समाज की ओर सराहनीय कदम है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com